अनुराग हेल्थ केयर प्रा.लि.
•ICU •NICU DIALYSIS • MODULAR OT
दूरबीन विधि से आपरेशन अब कम खर्च में
सीजीएचएस, मेडीक्लेम व आयुष्मान कार्ड मान्य
117/क्यू/702, शारदा नगर, कानपुर
9889538233, 7880306999

# नामित सभासदों को दिलाई गई पद की शपथ

## पालिका परिषद कन्नौज में हुआ कार्यक्रम, असीम अरुण ने कलेक्ट्रेट के पास दिया बाल उद्यान का सुझाव

कार्यालय संवाददाता कन्नौज

**अमृत विचार।** शासन की ओर से पिछले दिनों नामित पांच सभासदों को नगर पालिका परिषद में समारोहपूर्वक शपथ दिलाई गई। इस दौरान मौजूद मुख्य अतिथि सदर विधायक व समाज कल्याण राज्य मंत्री असीम अरुण ने पालिका को महत्वपूर्ण सुझाव दिया जिसमें से एक कलेक्ट्रेट के पास में बाल उद्यान का प्रस्ताव भी है।

समारोह का आयोजन गुरुवार को सुबह नगर पालिका परिषद कन्नौज के सभागार में किया गया। शुरुआत में मंचासीन अतिथियों का स्वागत और सम्मान किया गया। तत्पश्चात एसडीएम सदर वैशाली ने शासन से नामित सभासदों को पद की शपथ दिलाई। शपथ लेने वालों में काजीटोला निवासी सतीश दोहरे, सरायमीरा के श्याम तिवारी, सरायमीरा के ही शिवप्रकाश कटियार, कन्नौज सदर से रतन कुमार तथा हरदेवगंज निवासी विनीता चतुर्वेदी रहीं। इस मौके पर मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थित असीम अरुण ने विगत वर्षों में निधि से कराए कार्य गिनाए। इसमें साढ़े चार करोड़ से बने मुक्ताकाशी मंच व रोमा स्मारक को लेकर जल्द ही अंतर्राष्ट्रीय स्तर रोमा कॉन्फ्रेंस करने की बात कही। यह भी कहा कि यह अपने तरह का दुनिया का अकेला स्मारक है। इसके साथ ही शहर में चल रहे तीन तालाबों के जीर्णोद्धार पर भी चर्चा की। उन्होंने कहा कि कलेक्ट्रेट के पास वाला तालाब सुंदर बनकर निकल रहा है। सुझाव दिया कि यहां कुछ बच्चों के लिए छोटी मूर्तियां, खिलौने लगवाए जा सकते हैं। पास में नगर पालिका की पानी की टंकी के पास दो कमरे हैं। पालिका सहमति दे तो विधायक निधि से विकसित किया जा सकता है। पास में बाल उद्यान के अलावा चार-पांच फूड स्टाल लग जाएं जिससे नगर पालिका की आमदनी होगी। लोगों के घूमने की एक जगह भी हो जाएगी। इसके साथ ही कलेक्ट्रेट में हेल्पलाइन नंबर 1077 की तरह नगर पालिका का भी हेल्पलाइन नंबर होने की बात कही। कहा कि अलग से कंट्रोल रूम बना सकते हैं या फिर कलेक्ट्रेट वाला ही प्रयोग किया जा सकता है। इस मौके पर अधिशासी अधिकारी श्यामेंद्र मोहन चौधरी, पालिकाध्यक्ष प्रतिनिधि हाजी मो. रईस, लाला भाई पटेल समेत समस्त सभासद व गणमान्य लोग उपस्थित रहे।



नगर पालिका परिषद कन्नौज में शपथ के बाद नामित सभासद, साथ में राज्य मंत्री असीम अरुण, पालिकाध्यक्ष प्रतिनिधि, ईओ श्यामेंद्र मोहन चौधरी तथा एसडीएम सदर वैशाली। अमृत विचार

### कर्मचारियों को दिया जाए वेतन का लेखाजोखा

- मंत्री ने कहा कि पिछले वित्तीय वर्ष के वेतन का पूर्ण और स्पष्ट विवरण कर्मचारियों को उपलब्ध कराया जाए। प्रत्येक कर्मचारी को प्रति माह अनिवार्य रूप से हस्ताक्षरित वेतन पर्ची दी जाए। विधिक प्रावधानों के अनुसार कर्मचारियों को महीने में चार साप्ताहिक अवकाश सुनिश्चित किए जाएं। संबंधित अधिकारियों को चेताया कि जनसेवा और कर्मचारी हितों में किसी भी प्रकार की शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। समस्त निर्देशों के अनुपालन हेतु एक सप्ताह की समय-सीमा निर्धारित की है और अनुपालन आख्या मांगी है।



महिला थाने का निरीक्षण करते एसपी विनोद कुमार। अमृत विचार

# एसपी ने महिला थाने का किया निरीक्षण

कार्यालय संवाददाता कन्नौज

- मिली खामियों को दूर करने के दिये निर्देश

**अमृत विचार।** एसपी ने महिला थाने का किया निरीक्षण। जांच में मिली खामियों को दूर करने के निर्देश दिये।

गुरुवार को पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार ने महिला थाना का आकस्मिक निरीक्षण किया। हेल्प डेस्क में महिला संबंधी शिकायतों का जायजा लिया। उनके निस्तारण के संबंध में जानकारी ली। इस के बाद थाना कार्यालय पहुंचकर में अभिलेखों के रखरखाव व अन्य जानकारी ली। मालखाना के निरीक्षण में माल मुकदमाती के संबंध में जानकारी ली। कंप्यूटर कार्यालय का निरीक्षण करते हुए कर्मचारियों को निर्देश दिये कि वह एफआईआर समेत अन्य कोरम को पूरा करते रहें। दूर दृष्टि केंद्र का निरीक्षण कर उन्होंने कैमरों की सक्रियाता को देखा। आदर्श मेस का निरीक्षण में पुलिस के लिये चल रही मेस के संबंध में जानकारी ली। परिवार परामर्श केंद्र एवं सम्पूर्ण थाना परिसर का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। थाना कार्यालय के अभिलेखों की जांच की गई और उन्हें वियवस्थित करने के निर्देश दिये। महिला थाने के समस्त अधिकारियों व कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

## न्यूज ब्रीफ

### जनगणना प्रशिक्षण में एसडीएम ने दिए निर्देश

**छिबरामऊ।** स्थानीय जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट) में आयोजित जनगणना प्रशिक्षण कार्यक्रम में उपजिलाधिकारी ज्ञानेंद्र कुमार द्विवेदी ने उपस्थित शिक्षकों लेखपालों और कानूनगो को जनगणना कार्य की बारीकियों से अवगत कराया। एसडीएम ने जोर देते हुए कहा कि जनगणना एक महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य है, जिसमें डेटा की शुद्धता सर्वोपरि है।

### दबंगों ने घर में घुसकर युवक को पीटा

**छिबरामऊ।** थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम महमूदपुर जागीर में पुरानी रंजिश के चलते दबंगों ने एक युवक के साथ बेरहमी से मारपीट की। पीड़ित युवक नमरा सिंह पुत्र धनपत की तहरीर के अनुसार गांव के एक दबंग परिवार ने गालीगलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर आरोपियों ने लाठी-डंडों और लात-घूंसों से उसे बुरी तरह पीटा।

### स्कॉर्पियो का टायर फटा, दो घायल

**छिबरामऊ।** निगम मंडी फ्लाईओवर पर एक तेज रफ्तार स्कॉर्पियो कार का आगे का टायर फट गया। इससे कार की खिड़कियां खुल गईं और उसमें बैठी दो युवतियां बाहर निकलकर सड़क पर गिरी और गंभीर रूप से घायल हो गईं। मिली जानकारी के अनुसार चंडीगढ़ निवासी 22 वर्षीय रौनक जयसवाल पुत्री प्रद्युमन जयसवाल और 21 वर्षीय मुस्कान जयसवाल पुत्री राकेश जयसवाल अपने परिजनों के साथ चंडीगढ़ से स्कॉर्पियो द्वारा गोरखपुर जा रही थीं। तभी निगम मंडी फ्लाईओवर पर अचानक उनकी कार का टायर फटने से कार अनियंत्रित हो कर खिड़कियां खुल गई और किनारे बैठी दोनों युवतियां सड़क पर गिरकर घायल हो गई। घायलों को स्थानीय लोगों की मदद से एंबुलेंस द्वारा उन्हें सौ शैया अस्पताल में भर्ती कराया गया।

### हाईटेंशन लाइन की चपेट में आई बच्ची झुलसी

**कन्नौज।** सलेमपुर तारा बांगर में मकान की छत से निकली हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने से बच्ची झुलस गई। कोतवाली क्षेत्र के सलेमपुर तारा निवासी जगतराम प्रजापति की पुत्री देवांशी (03) मकान की छत पर खेल रही थी। मकान की छत से निकली हाआटेंशन लाइन की चपेट में आने से वह गंभीर रुप से झुलस गई। परिजन उसे जिला अस्पताल लेकर पहुंचे जहां उसे उपचार दिया गया।

### युवक ने गले में फंदा डालकर की आत्महत्या

**कन्नौज।** तालग्राम धथाना क्षेत्र के कपूरापुर गांव निवासी प्रभू दयाल राजमिस्त्री है। बड़े पुत्र प्रांशू (18) ने कक्षा 12 की परीक्षा दी थी। बुधवार की सुबह गांव में क्रिकेट मैच को खेलने गया था। तीन ओवर खेलने के बाद वह मैच बीच में छोड़ कर घर चला आया। दोपहर 12 बजे के करीब वह अपने मकान की दूसरी मंजिल पर बने कमरे में गया जहां छत के कुंडे में दुपट्टा के सहारे लटक कर आत्महत्या कर ली। घटना के समय मां रेशमा देवी पड़ोस में एक शादी समारोह में गई थी। लौटी तो बेटे को लटका देख शोर मचाया। परिजनों ने आनन फानन फंदे से उतारा और सीएचसी लेकर पहुंचे जहां डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

### लूट में न्यायालय के आदेश पर रिपोर्ट दर्ज

**कन्नौज।** आलू बेचकर लौट रहे किसान से नकदी लूट ली गई। पुलिस से शिकायत की गई पर सुनवाई नहीं की गई। इस पर उसने न्यायालय के आदेश पर रिपोर्ट दर्ज कराई है। तिर्वा कोतवाली क्षेत्र के डियूढियनपुरवा निवासी विनीत पुत्र धनीराम ने ठठिया थाने में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा कि वह कानपुर से आलू बेचकर ट्रैक्टर से लौट रहा था। वह ठठिया थाना क्षेत्र के खैरनगर के पास पहुंचा उसी समय कुछ लोगों ने ट्रैक्टर रुकवाकर नकदी छीन ली। घटना के बाद ठठिया थाने में लिखित शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की थी। तहरीर देने के बाद भी पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की थी। इस पर उसने न्यायालय की शरण ली। न्यायालय के आदेश पर ठठिया पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की है।



फीता काटकर आंबेडकर पार्क का उद्घाटन करतीं विधायक अर्चना पांडेय।

# विधायक ने किया आंबेडकर पार्क का उद्घाटन

संवाददाता गुरसहायगंज

**अमृत विचार।** छिबरामऊ विधायक अर्चना पांडे ने ग्राम तेरारब्बू में आंबेडकर पार्क का फीता काटकर उद्घाटन किया।

आंबेडकर जयंती के मौके पर कार्यक्रम हुए। इस मौके पर विधायक ने कहा कि डॉ. भीमराव आंबेडकर ने दलित पिछड़ों के अधिकारों के लिए संघर्ष किया। वह स्वतंत्रता संघर्ष के एक असाधारण नेता थे। भारत रत्न से सम्मानित अंबेडकर एक समाज सुधारक थे।

तालग्राम ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि राजीव सिंह उर्फ पुच्ची ठाकुर ने अंबेडकर पार्क में लाइट और लोगों को पीने के ठंडा पानी की व्यवस्था के लिए वाटर कूलर लगवाने की घोषणा की। इस मौके पर संतोष चतुर्वेदी, प्रवीन चतुर्वेदी, धीरू दोहरे, संतोष तिवारी, रमाकांत चतुर्वेदी, संजय दोहरे आदि लोग मौजूद थे।

www.amritvichar.com पर भी खबरें पढ़ें

# व्यापार मंडल की मांग पूरी, सौरिख बुध बाजार बंद

**कन्नौज।** सौरिख में अवैध रूप से संचालित बुध बाजार के बंद होने पर जीएसटी पंजीकृत एवं अन्य ट्रेडर्स के व्यापारियों में खुशी है।

लगभग तीन माह पूर्व सौरिख नगर के पंजीकृत व्यापारियों ने भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष राज शर्मा से अवैध बुध बाजार को बंद कराने की मांग की थी। जिलाध्यक्ष ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए लगातार जिलाधिकारी के समक्ष उद्योग बंधु की मीटिंग में उठाया। जिलाधिकारी द्वारा कराई गई जांच के बाद नगर पंचायत सौरिख के अधिशासी अधिकारी को बुध बाजार बंद कराने के निर्देश दिए गए। प्रशासनिक कार्रवाई के परिणामस्वरूप बुधवार से बुध बाजार पूर्ण रूप से बंद रहा, जिससे पंजीकृत व्यापारियों में संतोष और खुशी का माहौल देखने को मिला। उद्योग व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष राज शर्मा ने जिला प्रशासन एवं नगर पंचायत सौरिख के अधिशासी अधिकारी का आभार व्यक्त किया।

# वार्षिक परीक्षा के मेधावियों को किया सम्मानित



मेधावियों को पुरस्कृत करते प्रबंधक दिनेश गुप्ता। अमृत विचार

संवाददाता सौरिख

**अमृत विचार।** आशा ग्लोबल स्कूल में वार्षिक परीक्षा के मेधावी छात्रों के सम्मान में भव्य समारोह का आयोजन किया गया। उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन करने वाले बच्चों को पुरस्कृत किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। प्रत्येक कक्षा में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को क्रमशः गोल्ड, सिल्वर एवं ब्रॉन्ज मेडल देकर सम्मानित किया गया। सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले तीन छात्रों कक्षा 3 (अंग्रेजी माध्यम) के अंश यादव, कक्षा 7 (अंग्रेजी माध्यम) के कृष्ण गुप्ता एवं कक्षा 8 (हिंदी माध्यम) की छात्रा कंचन को साइकिल प्रदान की गई। इनमें कक्षा 3 एवं 7 के छात्रों को साइकिल का वितरण स्कूल के अंग्रेजी माध्यम के प्रधानाचार्य आदित्य चौहान जबकि कंचन को आशा देवी बालिका इंटर कॉलेज की हिंदी माध्यम की प्रधानाचार्य सरोज गुप्ता ने प्रदान की। विद्यालय के प्रबंधक दिनेश गुप्ता ने कहा कि सफलता के लिए निरंतर परिश्रम, अनुशासन और लक्ष्य के प्रति समर्पण आवश्यक है।



पुरस्कार के साथ छात्र-छात्राएं। अमृत विचार

## निबंध में संयोगिता, भाषण में अनुकल्प ने मारी बाजी

- जनता इंटर कालेज में कार्यक्रम, विधायक ने किया पुरस्कृत

**छिबरामऊ।** नगर के जगदीश्वरदयाल जनता इंटर कालेज में निबंध एवं भाषण प्रतियोगिताओं का आयोजन कराया गया। विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। जिला समाजकल्याण अधिकारी वेदप्रकाश मिश्रा व जितेंद्र कुमार की देखरेख में हुई निबंध प्रतियोगिता में संयोगिता और भाषण में एनसीसी के छात्र अनुकल्प ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त छात्र-छात्राओं को विधायक अर्चना पांडेय ने मेडल व शील्ड देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि संविधान निर्माता डॉ.आंबेडकर के आदर्शों से प्रेरणा लेकर हमें आगे बढना होगा। प्रधानाचार्य ज्ञानेशचंद्र दुबे ने सभी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में रवींद्र कुमार स्वर्णकार, राममहेश पाल, रानू शर्मा, प्रमोद कुमार, राजेश दुबे, राजेंद्र प्रसाद, कृपाशंकर, नारायणशरण त्रिपाठी, सर्वेश कुमार व हितेंद्र कुमार अग्निहोत्री आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

# जेएस सीनियर सेकेंडरी स्कूल में हर्ष ने किया टॉप



बच्चों को सम्मानित करते स्कूल के चेयरमैन हिमांशु सक्सेना। अमृत विचार

**सीबीएसई**

संवाददाता,छिबरामऊ, कन्नौज

**अमृत विचार।** नगर के प्रतिष्ठित जेअस. सीनियर सेकेंडरी स्कूल के बच्चों ने इस वर्ष की बोर्ड परीक्षा में अपनी सफलता का परचम लहराया है। छात्र हर्ष ने विद्यालय टॉप किया।

विद्यालय से कुल 90 छात्र-छात्राएं सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में सम्मिलित हुए थे। इनमें से 89 ने परीक्षा दी और ससम्मान उत्तीर्ण हुए। हर्ष ने 92% अंकों के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया, शौर्यः 91% अंक लेकर द्वितीय, जैद अंसारी 90% अंक लेकर तृतीय रहे। 15 विद्यार्थियों ने 80% से अधिक अंक प्राप्त किए। विद्यालय परिसर में एक विशेष सम्मान समारोह में प्रिंसिपल डॉ. शैलेंद्र कुमार मिश्रा और प्रबंधक हिमांशु सक्सेना ने मेधावी छात्र-छात्राओं को माला पहनाकर और मिठाई खिलाकर सम्मानित किया।

## समर 93 फीसदी अंक से स्कूल में अव्वल



समर कटियार।



कशिश।



पूजा यादव।



आदित्यराज कौशल

संवाददाता गुरसहायगंज

**अमृत विचार।** बुधवार देर शाम घोषित हुए सीबीएसई बोर्ड परीक्षा के परिणाम में 10 वीं के छात्रों ने प्रतिभा दिखाई है। बुधवार को आए परीक्षा परिणाम में कस्बा के जेपी एजुकेशन अकादमी के समर कटियार ने 93.0 ०/० कशिश ने 92.6% पूजा यादव ने 91.6% आदित्य राज कौशल ने 89 प्रतिशत, श्रीजी पांडे ने 88.2 प्रतिशत इकरा खान ने 87.8 प्रतिशत हिरा सोवेल ने 87.8% आयशा शिफत ने 87.4 प्रतिशत और साक्षी ने 86.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। विद्यालय के निर्देशक इंद्र कुमार गुप्ता और प्रधानाचार्य अमरेंद्र सिंह ने बच्चों को मिठाई खिलाई और उनका उत्साहवर्धन किया।



श्रीजी पांडे।



इकरा खान।

# गौशालाओं में चोकर-दाना का रहता अभाव

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- सीवीओ बोले, प्रति गोवंश आश्रय स्थलों में 10 क्विंटल होना चाहिए स्टॉक
- प्यास बुझाने के लिए मवेशियों के पास रखे जाएंगे पानी से भरे बड़े बर्तन

**अमृत विचार।** जनपद में 157 गौशालाएं संचालित हैं। नोडल अधिकारी व पशु चिकित्सा अधिकारी इनका निरीक्षण करते हैं। उसकी रिपोर्ट मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी आदि को भेजी जाती है। बताया जा रहा है कि ज्यादातर गोशालाओं में चोकर-दाना का अभाव मिलता है। प्रति आश्रय स्थल पर गोवंशों के लिए 10 क्विंटल चोखर-दाना होना चाहिए।

सीवीओ डॉ. सरदूल सिंह ने बताया कि गर्मी आ गई है इसलिए सभी गोशालाओं में हौदी के अलावा टब, बड़े बर्तन व ड्रम काटकर रखे जाएं। इसमें पानी भरा रहना चाहिए जिससे मवेशियों को दिक्कत न हो। मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी का कहना है कि गोशालाओं में हरा चारा भी होना चाहिए। करीब 50 क्विंटल भूसा भी हमेशा स्टॉक में रहना चाहिए। जनवरी से मार्च तक कुल तीन महीने के निरीक्षण रिपोर्ट से पता लगा है कि चोखर व दाना की कमी दूर होनी चाहिए। बताया कि अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि छायादार पौधरोपण किया जाए। जिस स्थान पर पशु रहते हैं आसपास पानी का छिड़काव किया जाना चाहिए जिससे गर्मी में ठंडक बनी रहे।

### नैपियर घास के लिए 13.20 लाख रुपये

- मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि 22 हजार रुपये प्रति हेक्टेयर के हिसाब से नैपियर घास यानि हरा चारा की खेती के लिए विकास खंडों में भेजा गया है। जनपद में 60 हेक्टेयर क्षेत्रफल में नैपियर घास होगी। उसके सापेक्ष 13 लाख 20 हजार रुपये भेजा गया है। सभी ब्लाकों ने जगह चिह्नित की उसके बाद पशु पालन विभाग से बजट दिया गया है। इसका अनुबंध भी किया गया है। बाद में ढाई से तीन रुपये प्रति किलोग्राम के हिसाब से गोशालाओं के लिए घास दी जा सकती है।

# महिला सम्मेलन का आयोजन

कार्यालय संवाददाता कन्नौज



मंडी में कार्यक्रम के दौरान रैली निकालती महिलायें व मौजूद मंत्री, जिलाध्यक्ष व अन्य महिला पदाधिकारी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** सदर विधानसभा स्थित मंडी समिति परिसर में 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' के उपलक्ष्य में महिला सम्मेलन का आयोजन किया गया। इसमें छिबरामऊ विधायक अर्चना पांडे ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम केवल एक कानून नहीं, बल्कि महिलाओं के सम्मान और उनके राजनीतिक अधिकारों की पुनर्स्थापना है।

विधायक ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आज महिलाएं देश की नीति निर्धारण में मुख्य भूमिका निभाने को तैयार हैं। समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का जिक्र करते हुए कहा कि नारी शक्ति के बिना एक विकसित राष्ट्र की कल्पना संभव नहीं है। भाजपा जिलाध्यक्ष वीर सिंह भदौरिया ने संगठन की ओर से मातृशक्ति का आभार व्यक्त किया। इस दौरान भारी संख्या में विधानसभा क्षेत्र की महिलाओं ने भाग लिया। उपस्थित महिलाओं ने प्रस्तावित 33 प्रतिशत आरक्षण के लिए सरकार के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम में रेखा दोहरे, रजनी पाल, सुनीता राजपूत, गीता पाठक, बबिता सिंह, विनीता चतुर्वेदी, संध्या शर्मा, दीप शिखा पाल, सुमन मिश्रा, ममता सक्सेना, सुनीता कटियार, कल्पना देवी समेत स्थानीय जनप्रतिनिधि, पार्टी पदाधिकारी एवं भारी संख्या में मातृशक्ति उपस्थित रही।

**खेल महोत्सव** — समापन समारोह में पुरस्कृत किए गए खिलाड़ी व टीमें

# क्रिकेट में इलेक्ट्रिक इंजीनियरिंग की टीम मे मारी बाजी

संवाददाता तिर्वा,कन्नौज

**अमृत विचार।** राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज, कन्नौज में आयोजित वार्षिक खेल महोत्सव "उत्क्रिड़ा 2026" का समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह अत्यंत उत्साह एवं गरिमामय वातावरण में हुआ।

टीम प्रतियोगिताओं में इलेक्ट्रिकल शाखा ने बैडमिंटन (बालक) में जीत हासिल की, जिसमें देवाशीष गौर को प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट घोषित किया गया। टग ऑफ वॉर (बालक) में टीम विजेता रही, जिसमें विक्रम एवं मंजीत का योगदान सराहनीय रहा तथा सौरभ चौहान को प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट चुना गया। क्रिकेट (बालक) में भी ई ई टीम ने विजय प्राप्त की, जिसमें नवनीत कुशवाहा एवं सत्यवीर यादव ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, जबकि दीपक विश्वकर्मा को प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट घोषित किया गया। वहीं इलेक्ट्रॉनिक्स इ एल शाखा ने वॉलीबॉल (बालक) में विजय प्राप्त की, जिसमें श्रीयांश यादव को प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट चुना गया।

कंप्यूटर साइंस शाखा फुटबॉल (बालक) में विजेता रही। इसमें मयंक सैनी को प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट घोषित किया गया। खो-खो (बालक) में आकाश कुमार तिवारी एवं अनिमेष कुमार के प्रदर्शन के साथ ओमकार यादव को प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट चुना गया। अंत में खेल प्रभारी मुकुल सक्सेना द्वारा धन्यवाद ज्ञापन किया गया। निदेशक प्रो. मनोज कुमार शुक्ला तथा कुलसचिव डॉ. बीडीके पात्रो, डॉ. रवीश सिंह राजपूत, खेल प्रभारी मुकुल सक्सेना एवं अन्य प्राध्यापकों की उपस्थिति मूं छात्र छात्राओं को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया। डॉ. कमलेश भारती, डॉ. विजय तिवारी, अरस्तू गौतम, गौरीश जोशी आदि सहायक प्राध्यापकों ने सभी विजेताओं को बधाई दी।




राजकीय इंजिनियरिंग कॉलेज में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता के विजेता खिलाड़ियों को कप प्रदान करते निदेशक। अमृत विचार

अमृत विचार

कानपुर, शुक्रवार,17 अप्रैल 2026



## न्यूज ब्रीफ

### दो बाइकों की भिड़ंत में अधेड़ की मौत तीन लोग घायल

**फर्रुखाबाद।** गुरुवार को नवाबगंज-फर्रुखाबाद मार्ग पर खुम्मरपुर गांव के पास दो बाइकों की आमने-सामने की टक्कर में अधेड़ व्यक्ति की मौत हो गई। हादसे में महिला समेत तीन अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार, नवाबगंज नगर के मोहल्ला सिरमौरा बांगर निवासी रामसेवक (50) अपनी पत्नी पुष्पा (45) के साथ बाइक से कन्नौज के गुलरियन पुरवा स्थित ससुराल जा रहे थे। खुम्मरपुर गांव में पेट्रोल पंप के सामने उनकी बाइक की तेज रफ्तार से आ रही दूसरी बाइक से टक्कर हो गई। हादसे में रामसेवक और उनकी पत्नी पुष्पा गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें अस्पताल ले जाया गया, जहां ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक ने रामसेवक को मृत घोषित कर दिया। पुष्पा की गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें लोहिया अस्पताल रेफर कर दिया गया।दूसरी बाइक पर सवार नवाबगंज के गांव पत्यौरा निवासी उमेश (32) और सुमित (21) भी घायल हो गए। इन दोनों को भी लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर दीपक तिवारी ने प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें हायर सेंटर रेफर कर दिया। घायल महिला पुष्पा का इलाज जिला अस्पताल लोहिया में जारी है।

### किसान को बाइक सवार युवक ने मारी टक्कर गंभीर घायल

**कायमगंज।** कंम्पिल थाना क्षेत्र के गांव हजरत गंज निवासी बुजुर्ग किसान रामदास अपने खेत पर जा रहा था, तभी सामने से आ रहे तेज रफ्तार बाइक सवार युवक ने जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही किसान उछलकर दूर जा गिरा जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। तभी आसपास मौजूद लोगों ने घायल किसान के परिजनों को सूचना दी परिजन मौके पर पहुंचकर आनन फानन में घायल वृद्ध को निजी वाहन से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कायमगंज लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टर जितेंद्र बहादुर ने प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर हालत को देखते हुए उसे लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

### जमीन विवाद को लेकर तीन को किया घायल , गंभीर

**गुरसहायगंज।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम गढ़िया कछपुरा निवासी मेवाराम ने गांव के ही विनय, रामनिवास, कैलाश, कुलदीप के खिलाफ कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया है कि जमीनी विवाद को लेकर वह लोग रंजिश मान रहे थे। बुधवार को जब वह खेत पर काम कर रहा था तभी उक्त लोगों ने लाठी डंडों से लैस होकर हमला बोल दिया और पीट कर घायल कर दिया। बचाने जब राजेश और निखिल आए तो उन्हें भी पीट कर घायल कर दिया। खेत में खड़ी खरबूजा की फसल को नष्ट कर दिया। पुलिस ने घायलों को स्थानीय सीएचसी भर्ती कराया है।

### लैब टेक्नीशियन एसोसिएशन का चुनाव आज

**कन्नौज।** उत्तर प्रदेश प्रयोगशाला प्राविधिक संघ का चुनाव 17 अप्रैल (आज) संयुक्त जिला चिकित्सालय में दोपहर 12 बजे से सम्पन्न कराने का आदेश संगठन की ओर से दिया गया है। आदेश का पालन करने के लिये उत्तर प्रदेश लैब टेक्नीशियन एसोसिएशन कन्नौज शाखा के मंत्री ने चुनाव के लिये संगठन के प्रांतीय अध्यक्ष व महामंत्री को पत्र भेजा है। दो वर्षीय चुनाव संबंधी अधिवेशन के लिये प्रांतीय पदाधिकारियों को आमंत्रित किया है। यह जानकारी लैब टेक्नीशियन एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष सुनील पाठक ने दी है।

### आनन्देश्वर आश्रम ऋषि नगर श्रीमद् भागवत कथा 22 से

**कन्नौज।** सनातन धर्म फाउण्डेशन की ओर से श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन 22 से 28 अप्रैल तक आनन्देश्वर आश्रम ऋषि नगर मानीमऊ में किया जायेगा। श्रीमद् भागवत कथा पं. सदानन्द जी महाराज ब्रह्मावर्त कानपुर कहेंगे। इस दौरान 26 से 28 अप्रैल को त्रिकालदर्शी पण्डोखर सरकार का दिव्य दरबार लगाया जायेगा। जनजागरण एवं संत सम्मेलन 27 अप्रैल को होगा। इसी में काले कंबल वाले बाबा की ओर से रोग निवारण शिविर लगाया जायेगा। यह जानकारी पीठाधीश्वर पं. कौसल किशोर जी महाराज ने दी।

# गेहूं केंद्र पर पसरा सन्नाटा,15 दिन बीतने के बाद भी नहीं हुई बोहनी

## मौसम की मार से गेहूं की फसल में खराबी आई है जिससे लक्ष्य पूरा होना मुश्किल दिख रहा

संवाददाता गुरसहायगंज

**अमृत विचार।** गेहूं खरीद केंद्र सन्नाटे में डूबे हैं। अभी तक इन पर कोई भी किसान गेहूं लेकर नहीं पहुंचा है। 15 दिन बीतने के बाद भी अभी तक वोहनी तक नहीं हुई है।

सरकार की ओर से 30 मार्च को गेहूं खरीद की घोषणा की गई थी और इसके लिए खरीद केंद्र भी बनाए गए। कस्बा के मोहल्ला रामगंज स्थित सहकारी क्रय विक्रय समिति पर 2000 क्विंटल जबकि ग्राम तेराजाकेट केंद्र पर 5000 क्विंटल गेहूं खरीद का लक्ष्य है। रामगंज खरीद केंद्र के सचिव रामनरेश दुबे ने बताया कि अभी तक कोई भी किसान अपना गेहूं बेचने के लिए नहीं आया है। बारदाना मौजूद है और केंद्र के खाते में रुपये भी हैं। वही तेराजाकेट केंद्र के प्रभारी विपिन शुक्ला ने बताया कि अभी तक कोई भी किसान गेहूं बेचने के लिए नहीं आया है। किसानों से संपर्क किया जा रहा है और जल्द ही किसान अपना गेहूं केंद्र पर लायेंगे। उन्होंने बताया कि बुधवार को मशीन नहीं चल रही थी जिसे अपडेट कराया है। उधर मौसम की मार से गेहूं की फसल में खराबी आई है जिससे लक्ष्य पूरा होना मुश्किल दिख रहा है। केंद्र पर साफ गेहूं ही खरीदा जाएगा जबकि बरसात की वजह से गेहूं में कालापन आ गया है।



सन्नाटे में डूबा गेहूं खरीद केंद्र।

# गेहूं खरीद की हकीकत परखने निकले डीएम

कार्यालय संवाददाता कन्नौज

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री ने विकास खण्ड उमर्दा स्थित बहुउद्देशीय प्राथमिक सहकारी समिति, बलनपुर सहकारी समिति तथा मंडी समिति तिर्वा में गेहूं खरीद केंद्र का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का गहन परीक्षण किया।

निरीक्षण में पाया कि समिति परिसर में डिस्प्ले बोर्ड पर खाद्यान्न दरें तथा गेहूं का न्यूनतम समर्थन मूल्य अंकित नहीं था। संबंधित आवश्यक अभिलेख/रजिस्टर ठीक नहीं थे तथा वारदाना (बोरी) की प्रविष्टियां पोर्टल पर प्रदर्शित नहीं हो रही थीं। इस पर तत्काल सुधार करने के निर्देश दिए। कहा कि समितियों में समस्त सूचनाएं पारदर्शी रूप से प्रदर्शित रहना अनिवार्य है। गुरुवार को 105 बोरी खाद की बिक्री तथा मौके पर 245 बोरी यूरिया उपलब्ध पाई गई। इस पर उर्वरक वितरण की अद्यतन प्रविष्टियां नियमित रूप से पोर्टल पर अंकित तथा स्टॉक रजिस्टर को व्यवस्थित रखने के निर्देश दिए। 03 किसानों से 176.50 क्विंटल गेहूं की खरीद के बावजूद अब तक भुगतान नहीं किया गया था। इस पर तत्काल भुगतान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

# कारखाने के बाहर व्यापारी का मिला शव

संवाददाता तिर्वा

- पैमाइश करने को लेकर गांव के ही एक व्यक्ति से हुआ था विवाद
- परिजन बोले, जमीन के विवाद में हुई हत्या, जांच की मांग

**अमृत विचार।** आटा-चक्की के कारखाने के बाहर चारपाई के नीचे बुजुर्ग व्यापारी का शव पड़ा मिला। परिजनों ने जमीन के विवाद में हत्या करने के आरोप लगाए और पुलिस ने हार्ट अटैक से मौत की बात कही। शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

कोतवाली क्षेत्र के बेहरिन गांव निवासी 67 वर्षीय रामबाबू प्रजापति का गांव के बाहर अपनी ही मार्केट में आटा-चक्की का कारखाना है। पूरा परिवार गांव में बने मकान में रहता है। बुधवार रात करीब आठ बजे रामबाबू घर गए थे और टिफिन लेकर कारखाना पर पहुंचे। खाना खाया और चारपाई डालकर सो गए।

गुरुवार सुबह छह बजे चारपाई के नीचे उनका शव औंधे मुंह पड़ा मिला। एक व्यक्ति ने देखा तो परिजनों को जानकारी दी। शव के आसपास खून बिखरा और कुछ सामान भी पड़ा मिला। परिजन ने जमीन के विवाद में हत्या करने के आरोप लगाए। पुलिस बोली, प्राथमिक तौर पर मामला हार्टअटैक से मौत हुई है। प्रभारी निरीक्षक संजय शुक्ल ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

### यह था मामला

- बुधवार सुबह जमीन की पैमाइश करने के लिए सदर तहसील से राजस्व टीम बेहरिन गांव पहुंची थी। वहां पर रामबाबू के भाई और भतीजों ने पैमाइश का विरोध किया था। पुलिस ने भाई और भतीजों को पकड़कर शांतिभंग की कार्रवाई कर दी थी। इससे रामबाबू ने दोपहर में जमानत कराई थी और घर आने पर रोजाना की तरह कारखाने पर सोने के लिए चले गए थे।

# युवक ने सोशल मीडिया पर पोस्ट की अभद्र टिप्पणी

**कन्नौज।** सोशल मीडिया पर आपत्तीजनक वीडियो वायरल हो रहा है। इस को लेकर लोगों में आक्रोश व्याप्त है। वीडियो में व्यक्ति धार्मिक भावनाओं को आहत करने वाली अभद्र और भड़काऊ टिप्पणियां की गई हैं।

बताया जा रहा है कि वायरल वीडियो तालग्राम क्षेत्र के भवानी सराय गांव के एक युवक से जुड़ा है। वायरल वीडियो की अमृत विचार पुष्टि नही करता है। वीडियो सामने आने के बाद भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ-साथ विभिन्न हिंदू संगठनों ने कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए आरोपी युवक के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। थाना प्रभारी विनय शर्मा ने बताया कि वायरल वीडियो की गंभीरता से जांच की जा रही है। प्रारंभिक जांच में संबंधित युवक जयपुर में रह रहा है। जबकि कुछ ग्रामीणों का कहना है कि वीडियो वायरल होने के बाद वह गांव से फरार हो गया है।

www.amritvichar.com पर भी खबरें पढ़ें

# चकबंदी वाले गांव के किसान बिना फार्मर आईडी बेंच सकेंगे गेहूं

कार्यालय संवाददाता कन्नौज

**अमृत विचार।** जनपद के जिन ग्रामों में वर्तमान में चकबंदी एवं सर्वे की प्रक्रिया प्रचलित है, वहां भूमि अभिलेखों के अद्यतन न हो पाने से अनेक कृषकों की फार्मर आईडी नहीं बन सकी है। इन कृषकों को राहत प्रदान करते हुए शासन ने व्यवस्था दी है कि संबंधित ग्राम में स्थित भूमि की सीमा तक कृषक अपने कृषि उत्पादों की बिक्री, कृषि/खाद्य विभाग द्वारा पूर्व में अपनाई गई प्रक्रिया के आधार पर कर सकेंगे।

जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री ने बताया कि इस व्यवस्था के अंतर्गत गेहूं विक्रय के समय संबंधित राजस्व लेखपाल द्वारा सत्यापन (वेरिफिकेशन) किया जाएगा, जिससे वास्तविक कृषकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो और खरीद प्रक्रिया निर्बाध रूप से संचालित हो सके। बताया कि कृषि विभाग द्वारा योजनाओं में पारदर्शिता एवं सुगमता सुनिश्चित करने हेतु शासन द्वारा फार्मर आईडी (किसान पहचान पत्र) को अनिवार्य किया गया है। इस संबंध में 31 मई, 2026 तक आवश्यक तैयारियाँ पूर्ण कर अनुपालन सुनिश्चित किए जाने के निर्देश जारी किए गए हैं।उप निदेशक कृषि संतोष कुमार ने बताया कि जनपद में सर्वे एवं चकबंदी की प्रक्रिया के अंतर्गत 77 ग्राम आच्छादित हैं। साथ ही जनपद में गेहूं खरीद के लिए 41 क्रय केंद्र स्थापित किए गए हैं, जहाँ कृषक निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार अपना गेहूं विक्रय कर सकते हैं। जानकारी दी कि क्रय केंद्रों पर भी फार्मर आईडी बनवाने की व्यवस्था की जा रही है।

# बच्चे की मौत, लमाया हास्पिटल पर लगाया गया लापरवाही का आरोप

कार्यालय संवाददाता कन्नौज

**अमृत विचार।** पाल चौराहा स्थिति लमाया हास्पिटल पर एक महिला ने धन उगाही करने का आरोप लगाया है। हास्पिटल में उपचार के बाद पुत्र की मौत हो गई। उन्होंने उपचार में लापरवाही से बच्चे की मौत होने की शिकायत सीएमओं से की है।

सदर कोतवाली क्षेत्रके अहमदपुर रौनी निवासी राम देवी पत्नी राम सिंह ने सीएमओ डॉ. स्वदेश गुप्ता को दिये शिकायती पत्र में कहा कि उसने अपने पुत्र संदीप को 09 अप्रैल को दोपहर 03 बजे के करीब पाल चौराहा के निकट लमाया हास्पिटल में भर्ती कराया था। जहां मौजूद डॉ. शशांक राव ने पुत्र को भर्ती करने के बाद खून की जांच कराई। रिपोर्ट देख कहा कि सब ठीक है। उससे एक लाख रुपये जमा करा लिया।



लमाया हास्पिटल के खिलाफ सीएमओ को शिकायती पत्र देने पहुंची राम देवी व अन्य।

- पीड़ित महिला ने सीएमओ से की शिकायत, जांच की मांग

इसके बाद महंगा इलाज किया और दवा महंगी मंगाई। इसके बाद भी पुत्र को आराम नहीं मिला। हालत गंभीर होती गई। डॉक्टर से जानकारी लेने पर कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया गया। 11 अप्रैल को गंभीर हालत में बच्चे को मेडिकल कालेज रेफर कर दिया। वहां ले जाते समय रास्ते में उसकी मौत हो गई। महिला ने सीएमओ से हास्पिटल की जांच करा कर कार्रवाई की मांग की है।

# बिजली के खंभे से टकराई बाइक, युवक की हुई मौत

संवाददाता तिर्वा

- तीन अन्य युवक गंभीर रूप से घायल, मेडिकल कॉलेज में भर्ती
- घायलों में दो को कानपुर रेफर किया गया है

**अमृत विचार।** बाइक पर सवार युवक अपने तीन अन्य साथियों के साथ शादी समारोह में शामिल होने जाते समय बिजली पोल से टकरा गया। अड्डा पुरवा गांव के पास निचली गंग नहर के पास हुए इस हादसे में एक युवक की मौत और तीन साथी गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को राजकीय मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया। दो को कानपुर रेफर किया गया।

घटना क्रम के अनुसार बुधवार रात करीब नौ बजे तिर्वा कोतवाली क्षेत्र के लोहामढ़ गांव का लकी सक्सेना (21) पुत्र रामपाल सक्सेना अपनी बाइक से गांव के ही दोस्त अभिषेक, कन्हैया व महमूदापुर गांव निवासी मोहन के साथ ठठिया थाना क्षेत्र के खैरनगर गांव में शादी समारोह में जा रहा था।

तिर्वा-खैरनगर के बीच अड्डापुर्वा गांव के पास निचली गंग नहर के किनारे बिजली के पोल से बाइक टकरा गई। घटना में लकी की मौत हो गई और साथी तीनों लोग घायल हो गए। सभी को राजकीय मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया। यहां लकी का शव मर्च्युरी में रख दिया गया और गंभीर रूप से घायल अभिषेक व कन्हैया को इलाज के लिए कानपुर रेफर किया गया। माना जा रहा है कि एक बाइक पर चार लोगों के सवार होने से चालक नियंत्रण खो बैठा और हादसा हो गया।

# अमृतपुर में डीजल संकट, पेट्रोल पंपों पर लंबी कतारें, ग्रामीण बेहाल

संवाददाता अमृतपुर

**अमृत विचार।** कस्बा अमृतपुर क्षेत्र में इन दिनों डीजल की भारी किल्लत देखने को मिल रही है। क्षेत्र के सभी पेट्रोल पंपों पर डीजल न मिलने से ग्रामीणों में अफरातफरी का माहौल बना हुआ है।

कस्बा अमृतपुर में स्थित करीब चार पेट्रोल पंपों में से एक प्रमुख राधे-राधे फिलिंग स्टेशन पर बुधवार को भारी भीड़ उमड़ पड़ी। यहां लगभग 300 से 400 लोगों की लंबी कतारें डीजल लेने के लिए लगी रहीं।पंप के मैनेजर जितेंद्र सिंह ने बताया कि फिलहाल उनके पास करीब 11 हजार लीटर डीजल का भंडारण है, जिसे सीमित मात्रा में वितरित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि किसानों को प्रति व्यक्ति 1000 रुपये का डीजल दिया जा रहा है, जबकि खेतों की जुताई (खनाई) कर रहे ट्रैक्टर चालकों को 2000 रुपये तक का डीजल उपलब्ध कराया जा रहा है, ताकि अधिक से अधिक लोगों को राहत मिल सके।वहीं, लाइन में लगे ग्रामीणों का कहना है कि उन्हें कई-कई घंटों तक धूप में खड़ा रहना पड़ रहा है, लेकिन इसके बावजूद भी डीजल मिलना मुश्किल हो रहा है।

भीड़ अधिक होने के कारण व्यवस्था भी चरमरा गई है, जिससे लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने प्रशासन से जल्द से जल्द डीजल की आपूर्ति सुचारू करने की मांग की है।



पेट्रोल पम्प पर डीजल लेने के लिए लगी ग्रामीणों की भीड़। अमृत विचार

# दो लोगों ने खाया जहरीला पदार्थ हालत गंभीर

**कायमगंज।** कायमगंज कोतवाली क्षेत्र में गुरुवार को दो लोगों ने जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया दोनों की हालत गंभीर है। जानकारी के अनुसार क्षेत्र के गांव महमदीपुर निवासी रामवती (60) पत्नी लालाराम ने जहरीला पदार्थ खा लिया। वहीं क्षेत्र के गांव नगला टीन निवासी राजकुमार का 15 वर्षीय पुत्र गोपाल ने संदिग्ध हालत में जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। जैसे ही दोनों के परिजनों को घटना की जानकारी हुई तभी आनन फानन में निजी वाहन से दोनों के परिजन गंभीर हालत में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कायमगंज लेकर पहुंचे। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद दोनों की गंभीर हालत देखते हुए दोनों को जिला अस्पताल लोहिया के लिए रेफर कर दिया। दोनों की हालत चिंताजनक बनी हुई है।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत

संवाददाता अमृतपुर

- हनुमान मंदिर के पास देर शाम अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर
- बारात का सामान लेकर बाइक से लौट रहे थे युवक

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र में एक सड़क दुर्घटना में बारात का सामान लेकर लौट रहे बाइक सवार युवकों को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया।

जानकारी के अनुसार, उधरनपुर लीलापुर निवासी 20 वर्षीय चमन पुत्र वीरेंद्र और उसका साथी पृथ्वी पुत्र राम सिंह, गूजरपुर गहलवार में धनपाल की बेटी की बारात में शामिल होने आए थे। बारात में कुछ सामान कम पड़ जाने पर दोनों युवक बाइक से अमृतपुर कस्बा सामान लेने गए थे। वापस लौटते समय कस्बे के हनुमान मंदिर के पास देर शाम किसी अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। जिससे चमन की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि पृथ्वी गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना मिलते ही थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को एंबुलेंस की मदद से पहले राजेपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया, जहां हालत नाजुक होने पर उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। घटना के बाद मृतक के परिवार में कोहराम मच गया। चमन पांच भाइयों में सबसे छोटा था। उसकी मां सुनीता देवी का रो-रोकर बुरा हाल है।



चमन।

# युवक को बेहोश कर लूटा

**कायमगंज।** कोतवाली क्षेत्र के गांव चिउलारा निवासी धर्मवीर (35) राजस्थान में रहकर एक फैक्ट्री में नौकरी करता है। वह बुधवार की रात अपने घर वापस आने के लिए राजस्थान से वह दिल्ली के लिए बैठा फिर वह दिल्ली से कायमगंज आने वाली रोडवेज बस पर बैठा रास्ते में जहर खुरानी गिरोह ने नशीला पदार्थ सुंघाकर उसे बेहोश कर उसके पास से कपड़ों का बैग मोबाइल व नकदी पार कर दी। जब बस के ड्राइवर और कंडक्टर ने युवक को बस की सीट पर बेहोशी की हालत में देखा तो एटा कायमगंज मार्ग पर स्थित कोतवाली क्षेत्र के गांव ब्राहिमपुर जागीर के पास सड़क किनारे डाल दिया और बस को लेकर चले गए। इधर जब धर्मवीर घर नहीं पहुंचा तो परिजनों ने उसकी खोजबीन शुरू की तो उन्हें पता चला तो वह ब्राहिमपुर जागीर पहुंचे। युवक सड़क के किनारे बेहोश मिला।

**परीक्षा परिणाम** | कक्षा दस के शत-प्रतिशत परीक्षाफल से झूमे विद्यार्थी, निदेशक डॉ. मिथिलेश अग्रवाल ने कहा कि यह गौरवपूर्ण परिणाम विद्यार्थियों की निरंतर साधना, शिक्षकों के समर्पणपूर्ण मार्गदर्शन का सामूहिक प्रतिफल है

# सीबीएसई : सीपी इंटरनेशनल स्कूल के छात्रों ने छुआ आसमान

संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) द्वारा कक्षा 10 के परीक्षा परिणाम घोषित होते ही सीपी इंटरनेशनल स्कूल परिसर में हर्ष, उल्लास एवं उत्सव का वातावरण व्याप्त हो गया। विद्यालय के समस्त विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए सफलता अर्जित की विद्यालय का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा।

विद्यालय के प्रतिभाशाली छात्रों में नित्या मिश्रा ने 97 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान अर्जित कर विद्यालय का मान बढ़ाया। इसी क्रम में तितिक्षा ने 96.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान तथा कनिष्का सिंह ने 95.6 फीसदी अंक अर्जित कर तृतीय स्थान प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट परिचय दिया। इसके अतिरिक्त 27 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर विद्यालय की कीर्ति में चार चांद लगाए। नित्या मिश्रा ने 97 प्रतिशत, तितिक्षा 96.4 प्रतिशत, कनिष्का सिंह 95.6 प्रतिशत, सक्षम कुमार दीक्षित 94.8 प्रतिशत, अभिनव यादव 94.6 प्रतिशत, यशी सिंह 94.6 प्रतिशत, यथार्थ सिंह राठौर 93.6, उत्तम राज 93.4, कशिश राजपूत 93.2, नव्या शर्मा 93, वैष्णवी यादव 93, वेदांश द्विवेदी 92.6, अग्रिमा मिश्रा 91.8, आरुष राजपूत 91.8, अभय दीक्षित 91.6, रिया कुशवाहा 91.6, यमन 91.2, प्रतीक यादव 91, अभिषेक यादव 90.8, श्रद्धा गुप्ता 90.8, देवांश सिंह 90.6, रचित प्रताप सिंह 90.4, राधिका अग्रवाल 90.4, यशब खान 90.4, राम जानकी वर्मा 90, शिव तिवारी 90, अक्षत गौर 90 प्रतिशत अंक पाकर विद्यालय का नाम रोशन किया। 90 विद्यार्थियों ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर उल्लेखनीय सफलता हासिल की तथा सभी छात्र प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण होकर विद्यालय की उत्कृष्ट परंपरा को कायम रखा।

इस अवसर पर निदेशक डॉ. मिथिलेश अग्रवाल ने कहा कि यह गौरवपूर्ण परिणाम विद्यार्थियों की निरंतर साधना, शिक्षकों के समर्पणपूर्ण मार्गदर्शन तथा अभिभावकों के सहयोग का सामूहिक प्रतिफल है। उपनिदेशक श्रीमती अंजू राजे ने सतत परिश्रम एवं दृढ़ संकल्प के साथ आगे बढने के लिए प्रेरित किया।

मैनेजिंग डायरेक्टर ज्योत्सना अग्रवाल ने कहा कि विद्यालय सदैव विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास एवं नैतिक मूल्यों के संवर्धन के लिए प्रतिबद्ध है और यह सफलता उसी दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। प्रभारी प्रधानाचार्य श्री नवीन शाक्य ने अपने प्रेरणादायक उद्बोधन में विद्यार्थियों को अनुशासन, लगन एवं लक्ष्यनिष्ठा के साथ निरंतर प्रगति पथ पर अग्रसर रहने का संदेश दिया।



नित्या मिश्रा।



कनिष्का सिंह।



सक्षम दीक्षित।



तितिक्षा।



अभिनव यादव।



यशी सिंह।

### आरआरपी स्कूल फतेहगढ़ के छात्र विनायक ने पाए 94.4 प्रतिशत अंक,किया नाम रोशन

- फर्रुखाबाद। आरआरपी स्कूल फतेहगढ़ के मेधावी छात्र विनायक मिश्रा ने सीबीएसई की दसवीं बोर्ड परीक्षा में 94 .4 प्रतिशत अंक प्राप्त करके स्कूल तथा अपने माता-पिता के नाम को जनपद में गौरवान्वित किया।विनायक के पिता ए क्लास राजकीय ठेकेदार व समाजसेवी अरुण मिश्रा ने बताया कि उनका पुत्र बचपन से ही पढ़ाई के प्रति संवेदनशील रहा है। मां वंदना मिश्रा ने बताया कि विनायक ने बहुत ही लगन के साथ अध्ययन कार्य करते हुए पढ़ाई के आगे किसी से भी समझौता नहीं किया। छात्र विनायक मिश्र का कहना है कि उसे इससे ज्यादा प्रतिशत आने की उम्मीद थी लेकिन जो भी कमी रह गई है, उसको 12वीं की बोर्ड परीक्षा में पूरा करके रहेगा।



विनायक मिश्रा।

न्यूज ब्रीफ

### कार अनियंत्रित होकर पलटी, चालक बचा

**अछल्दा (औरैया)।** क्षेत्र में गुरुवार को एक तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर पलट गई। जानकारी के अनुसार, कार चालक बहारपुरा की ओर से आ रहा था। जैसे ही वह लालपुर गांव के पास स्थित एक मिल के करीब पहुंचा, अचानक वाहन का संतुलन बिगड़ गया। तेज गति होने के कारण चालक कार पर नियंत्रण नहीं रख सका और कार सड़क किनारे पलट गई। गनीमत रही कि इस हादसे में चालक को कोई गंभीर चोट नहीं आई। घटना के बाद मौके पर मौजूद स्थानीय लोगों ने तुरंत पहुंचकर चालक को सुरक्षित बाहर निकाला। हादसे के बाद चालक ने राहत की सांस ली।

### विवाद में रची गई चोरी की झूठी कहानी

**अछल्दा (औरैया)।** थाना क्षेत्र के गांसीपुर गांव में चोरी की सूचना पर पुलिस पहुंची, लेकिन जांच में मामला कुछ और ही निकला। गांव निवासी दिग्विजय सिंह पुत्र मेहताब सिंह ने बताया कि बुधवार रात उनके पिता मेहताब सिंह कमरे में सो रहे थे, जबकि वह छत पर सोए हुए थे। सुबह जब वह गेहूं काटने के लिए उठे और कमरे में पहुंचे तो वहां रखा सामान गायब मिला, जिसके बाद उन्होंने पुलिस को सूचना दी। थाना प्रभारी सुरेश चंद्र ने बताया कि मौके पर जांच के दौरान चोरी की घटना झूठी पाई गई। दरअसल, मामला पति-पत्नी के विवाद से जुड़ा निकला। दो दिन पहले दिग्विजय सिंह की पत्नी अपने मायके चली गई थी और वह दहेज के मामले में फंसाने की धमकी दे रही थी। इसी के चलते दिग्विजय सिंह ने पत्नी और अपने साले को फंसाने के लिए चोरी की मनगढ़ंत कहानी गढ़ी थी। पुलिस जांच में पूरे मामले का खुलासा हो गया।

### डंपर ने बस-ट्रैक्टर को मारी टक्कर

**बिधूना, औरैया।** गुरुवार को कस्बे में भगत सिंह चौराहे पर उस समय अफरा-तफरी मच गई। जब एक अनियंत्रित डंपर ने एक के बाद एक दो वाहनों को टक्कर मार दी। इस घटना में जहां वाहन क्षतिग्रस्त हो गए वहीं लोग बाल बाल बच गए। गुरुवार को डंपर मध्य प्रदेश के डबरा से गिट्टी उतारकर वापस लौट रहा था। लोगों ने बताया कि डंपर बेला रोड की तरफ से बिधूना की ओर आ रहा था। भगत सिंह चौराहे पर पहुंचते ही चालक ने डंपर पर से नियंत्रण खो दिया। अनियंत्रित डंपर ने सबसे पहले चौराहे पर खड़ी एक बस को टक्कर मारी। बस से टकराने के बाद डंपर आगे बढ़ा और सीमेंट तथा मौरंग से लदे एक ट्रैक्टर से जा भिड़ा। टक्कर लगते ही मौके पर राहगीरों और स्थानीय लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। भीड़ को इकट्ठा होते देख डंपर चालक अपनी डंपर छोड़कर मौके से फरार हो गया। इस हादसे के कारण चौराहे पर कुछ समय के लिए यातायात बाधित हो गया। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने स्थिति को संभालते हुए तत्काल दूसरे चालक का प्रबंध किया और डंपर व ट्रैक्टर को सड़क से हटवाकर कोतवाली में खड़ा करवाया। इसके बाद यातायात को पुनः सुचारू रूप से बहाल किया गया। पुलिस अब डंपर नंबर के आधार पर फरार चालक की तलाश में जुटी है।

### बाबा साहब को पूर्व कृषि मंत्री ने किया नमन

**फफूंद, औरैया।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा संविधान निर्माता भारत रत्न डॉ. भीमराव आंबेडकर की 135वीं जयंती उजीतीपुर बूथ पर 'गौरव दिवस' के रूप में धूमधाम से मनाई गई।। मुख्य अतिथि पूर्व कृषि मंत्री लाखन सिंह राजपूत ने कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन व पुष्पांजलि के साथ किया। जनसमूह को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा, "वंचितों, शोषितों और समाज की अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति के उत्थान के लिए बाबा साहब का संघर्ष अतुलनीय है। इस मौके पर कई लोग रहे।


अभिनव शुक्ला।


सूर्यांश पांडेय।


शौर्य प्रताप।


पार्थ।

## शेमफोर्ड फ्यूचरिस्टिक स्कूल के छात्रों का उत्कृष्ट प्रदर्शन,शत प्रतिशत रहा परिणाम

**औरैया।** सीबीएसई कक्षा 10वीं के परीक्षा परिणाम में शेमफोर्ड फ्यूचरिस्टिक के–12 स्कूल के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। इस वर्ष विद्यालय का परिणाम शत–प्रतिशत रहा, जिसमें कई छात्रों ने शानदार अंक प्राप्त किए। विद्यालय के मेधावी छात्र अभिनव शुक्ला ने 96 .2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं सूर्यांश पांडेय ने 95 प्रतिशत अंक के साथ द्वितीय स्थान एवं शौर्य प्रताप ने 92 .4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसके अतिरिक्त पार्थ ने भी 91 .6 प्रतिशत अंक अर्जित कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। विशेष उपलब्धि यह रही कि अभिनव शुक्ला एवं सूर्यांश पांडेय ने कंप्यूटर विज्ञान विषय में 100 में से 100 अंक प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। इस अवसर पर विद्यालय के संस्थापक/निदेशक देवेंद्र गुप्ता ने कहा कि सपने वे नहीं होते जो हम सोते समय देखते हैं, बल्कि सपने वे होते हैं जो हमें सोने नहीं देते। मेहनत और लगन से हर लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। प्रधानाचार्य अंजनी कुमार सिंह, उप–प्रधानाचार्य आदित्य चौधरी एवं कोऑर्डिनेटर दीप्ति सेठी ने सभी सफल विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत, शिक्षकों के समर्पित मार्गदर्शन एवं अभिभावकों के निरंतर सहयोग का परिणाम है।

## सुदिति ग्लोबल एकेडमी के 30 बच्चों के 90फीसदी से अधिक अंक

कार्यालय संवाददाता, औरैया

**अमृत विचार।** सीबीएसई में सुदिति ग्लोबल एकेडमी में 10वीं के 30 बच्चों ने 90.00 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किये

छात्र-छात्राओं ने स्कूल पहुंच कर अध्यापकों के साथ जश्न मनाया और आशीर्वाद लिया। सीबीएसई द्वारा घोषित कक्षा 10 के नतीजों में शहर के कानपुर रोड, जनेतपुर-जैतापुर मोड़ स्थित सुदिति ग्लोबल एकेडमी के छात्र अन्वय पोरवाल पुत्र अतुल कुमार पोरवाल एवं दीप माला पोरवाल ने 96.80 प्रतिशत अंक प्राप्त करके विद्यालय एवं अपने माता - पिता का नाम रोशन किया। छात्र अन्वय पोरवाल ने हिंदी में 95, अंग्रेजी में 94, गणित में 98, विज्ञान में 94, सामजिक विज्ञान में 97 एवं कंप्यूटर साइंस में 100 अंक प्राप्त किये। इसके साथ-साथ छात्रा अनुजया गुप्ता ने 95.80 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान प्राप्त किया एवं वंश गुप्ता 95.60, अक्षिता गुप्ता 95.60, अमन अग्रवाल 95.40, वैष्णवी 94.80, यश पोरवाल 94.40, हर्षित मौर्या 94.20, चेल्वी सिंह 94.00, शौर्य द्विवेदी 93.80, अंश गुप्ता 93.40, उमंग मिश्रा 93.20, हर्ष पाल 93.00, तनवी ने 93.00, अरमान सिद्दिकी 92.60, दीपिका 92.60, अतिशय चतुर्वेदी 92.40, शुभी पाण्डेय 92.40, राघव दीक्षित 92.20, अंजलि यादव 92.00, आयुष राजपूत 92.00, दीक्षा 91.80, अक्षय त्रिपाठी 91.60, अंश कटियार 91.60, रोबी 91.60, अंश कटियार (II) 91.00, अनुश्री वर्मा 90, संकल्प शुक्ला 90 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय एवं अपने माता पिता का मान बढाया। संस्था के चेयरमैन डॉ. आनन्द ने बताया कि शिक्षक-शिक्षिकाओं तथा छात्र-छात्राओं के कठोर परिश्रम के कारण ही विद्यालय का परिणाम शत-प्रतिशत आया है। डॉ. आनन्द एवं विद्यालय की निदेशक नीलम आनन्द एवं प्रधानाचार्या कंचन लता तिवारी ने सभी छात्र-छात्राओं एवं उनके शिक्षक-शिक्षिकाओं का माल्यार्पण कर बधाई दी। प्रधानाचार्या कंचन लता तिवारी ने बताया कि विद्यालय के दसवीं के 30 से अधिक बच्चों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किये। डॉ. आनन्द ने कहा है कि इस बच्चों ने अद्वितीय उपलब्धि के साथ-साथ अपने माता पिता एवं विद्यालय को भी गौरवान्वित किया है। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं के अभिभावक एवं शिक्षक अजय चौबे, प्रशान्त गुप्ता, ब्रजेश चौधरी, आशीष तिवारी, देव शक्ति, सतेन्द्र दीक्षित, अंकुर शुक्ला, अनुराधा गुप्ता मौजूद रहे।


खुशी का इजहार करते बच्चे। अमृत विचार

# आयुष प्रताप ने 98 प्रतिशत अंक लाकर किया गौरवान्वित

### रैपिड ग्लोबल स्कूल के छात्र हैं आयुष प्रताप , एसडीएम गरिमा सोनकिया ने सभी का उत्साह वर्धन किया

संवाददाता बिधूना

**अमृत विचार।** सीबीएसई बोर्ड परीक्षा के बुधवार को घोषित हुए 10वीं के परिणामों मंव रैपिड ग्लोबल स्कूल के छात्र छात्राओं ने शानदार सफलता हासिल की है।

इस अवसर पर उपजिलाधिकारी गरिमा सोनकिया ने छात्र छात्राओं का उत्साह वर्धन करते हुए उन्हें मिष्ठान खिलाकर माल्यापर्ण किया। विद्यालय के कार्यकारी निदेशक अनुपम प्रताप सिंह भदौरिया तथा प्रधानाचार्या दीप्ती कमल राठौर ने छात्र / छात्राओं को मिष्ठान खिलाते हुए बधाई दी एवं उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। साथ ही सही को शुभकामनाएं दीं। विद्यालय में 98 प्रतिशत लाकर आयुष प्रताप सिंह ने प्रथम स्थान, 97.6 प्रतिशत अंक लाकर उत्कर्ष धनगर द्वितीय स्थान, तथा 97.2 प्रतिशत लाकर आर्यन ने तृतीय स्थान पाया। छात्राओं में वान्या सेंगर ने 95 प्रतिशत अंक वैष्णवी ने 94 प्रतिशत अंक , तथा आराध्या ने 94 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। इसी क्रम में कुल 32 छात्रों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किये।


आयुष प्रताप।


उत्कर्ष धनगर।


आर्यन।


वान्या सेंगर।


वैष्णवी।


आराध्या। अमृत विचार


परिवार के साथ खुशी का इजहार करते बच्चे। अमृत विचार

### नितिन यादव ने 96.89 प्रतिशत अंकों के साथ लहराया परचम

**बिधूना, औरैया।** इटावा रोड स्थित क्षेत्र के प्रतिष्ठित ब्राइट माइंड्स स्कूल शैक्षणिक सत्र 2025–26 में एक बार फिर शैक्षणिक उत्कृष्टता साबित करते हुए कक्षा 10वीं के सीबीएसई परीक्षा परिणामों में अपना लोहा मनवाया है। विद्यालय का परीक्षा परिणाम 100 प्रतिशत रहा है, जिसमें किसी भी छात्र की 'कम्पार्टमेंट' या 'रिपीट' नहीं आई है। इस वर्ष के परीक्षा परिणामों में नितिन यादव ने 96 .89 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। वहीं, अरीवा ने 95 .78 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय और पलक पाल ने 91 .20 प्रतिशत अंकों के साथ तृतीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय और अपने माता–पिता का नाम रोशन किया है। इन छात्रों की सफलता पर विद्यालय परिसर में खुशी का माहौल है। प्रबंधन की ओर से शुभकामनाएं दी गई हैं। विद्यालय के डायरेक्टर अनिल कुमार यादव ने मेधावी छात्रों को मिठाई खिलाकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। वहीं, प्रिंसिपल कल्पना वर्मा ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि विद्यालय का अनुशासन और निरंतर चलने वाली एक्स्ट्रा क्लासेस ने बच्चों को इस मुकाम तक पहुंचाया है।

### तविशा ने 96.2 प्रतिशत अंक हासिल कर बढ़ाया अछल्दा का मान,मिलीं बधाइयां

**अछल्दा, औरैया।** सीबीएसई ने बुधवार को कक्षा 10वीं का परीक्षा परिणाम घोषित किया, जिसमें क्षेत्र के कई छात्रों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। अछल्दा कस्बे के हरीगंज बाजार निवासी तविशा राजपूत, पुत्री अमरेंद्र कुमार एवं माता उमा राजपूत (शिक्षिका, देहाती इंटर कॉलेज), ने हाईस्कूल परीक्षा में 96 .2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर क्षेत्र का नाम रोशन किया। तविशा ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा सेठ आनंदराम जयपुरिया स्कूल, दिबियापुर से प्राप्त की। वहीं पूर्वादया राम हाईस्कूल के छात्र शशांक कुमार ने भी 92 .4 प्रतिशत अंक हासिल कर सफलता प्राप्त की।

## जगराते की ज्योति जली, आ जाओ शेरावाली तुम्हे बुलाते हैं

संवाददाता फफूंद/औरैया

**अमृत विचार।** कस्बे के मुहल्ला तिवारियान स्थित दया लक्ष्मी मन्दिर परिसर में बुधवार की रात विशाल भगवती देवी जागरण का आयोजन किया गया। जिसमें मां शीतला देवी ज्योति जागरण ग्रुप के कलाकारों ने रात्रि भर देवी गीतों से श्रोताओं को मंत्र मुग्ध कर दिया। मां भगवती के नौ रूपों की भव्य झांकी के साथ मईया की विधि विधान से पूजा अर्चना की गई। मईया की प्रचन्ड ज्योति प्रज्जवलित कर देवी गीतों का आगाज किया गया। सर्व प्रथम श्री गणेश जी का आह्वान करते हुए कहा कि भक्त तुम्हे पुकार रहे अब तो गजानन आ जाओ...।

कार्यक्रम के दौरान कानपुर से आई लेडीज सिंगर रिचा ने देवी गीत प्रस्तुत करते हुए कहाकि पर्वत पर बैठी मां मेरी शारदे बस तेरा ही सहारा है,मईया मेरे किस्मत का तेरी चरणो में सितारा है, मईया तेरे बिना मेरा कौन सहारा है। हम को है तेरा भरोसा सिर पे तेरा हाथ है, मईया आंधी हो या तूफान बस तेरा ही सहारा है। आज के परिवेश को देखते हुए लोगों की भाग दौड़ की जिन्दगी को लेकर कहा कि इस मस्त जवानी में बुढापा किसने देखा है। गुजर गये यह दिन भी तो पछतावा है। कार्यक्रम स्थल पर श्री गणेश जी की झांकी, मां काली की झांकी, पार्वती शिव की झांकी, श्री कृष्ण सुदामा की मनमोहक झांकिंया आकर्षण का केंद बिंदु बनी रहीं। भगवान शिव का तांडव नृत्य देखकर भक्तों ने जमकर भोले बाबा के जयकारे लगाये। फर्रुखावाद से आईं श्रृद्धा पाण्डेय ने कहाकि जगराते की ज्योति जली है अब दर्शन देने आ जाना, भक्त में तेरी आस जगी है कब से रास्ता देख रही हूँ। अव तो मईया आ जाना, भगवान श्री कृष्ण के साथ राधा की फूलों की होली खेलते हुए कहाकि मत छेड़ो मोरी डगरिया हो नन्द लाला, काहे न छेड़ो डगरिया हो ब्रजवाला काहे पीछे पड़ी हमरे हो ब्रज की ग्वाला,अरे द्वारपालों कन्हैया से कह दो तुम्हारा सखा तेरे द्वार आ गया है, चलो बुलावा आया है, माता ने बुलाया है ,मेरा दिल तुझ पर कुर्वा हो शेरावाली रे, जो वैष्णो देवी जाते है वो जय माता की कहते है, के गीतो से रात्रि भर देवी भक्त झूमते रहे !जगराते के समापन अवसर पर माता तारा रानी की कथा विस्तार से भक्तों को सुनाई गई।

कार्यक्रम आयोजक अनिल कुमार ऊर्फ मुन्न गुप्ता ने सभी भक्तों का आभार व्यक्त किया और सहयोगी सोनू गुप्ता,देव गुप्ता, आयुष गुप्ता रहे।


जगराते के दौरान मौजूद श्रद्धालु। अमृत विचार

परेशानी

साप्ताहिक बाजार व रेल कार्य से बढ़ी परेशानी

# रेलवे क्रॉसिंग पर दिनभर लगा जाम, लोग हुए बेहाल

संवाददाता अछल्दा (औरैया)

**अमृत विचार।** दिल्ली-हावड़ा रेल मार्ग पर स्थित 13-बी रेलवे क्रॉसिंग पर गुरुवार को पूरे दिन जाम की स्थिति बनी रही। साप्ताहिक बाजार और रेलवे ट्रैक अप लाइन पर चल रहे कार्य के चलते रेलवे फाटक बंद रहा वहीं राहगीरों व वाहन चालकों को चिलचिलाती धूप में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा।

सुबह करीब 10:20 बजे से ही क्रॉसिंग के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लगनी शुरू हो गईं। बीच-बीच में क्रॉसिंग खुलने के बावजूद अव्यवस्थित यातायात के कारण जाम पूरी तरह खत्म नहीं हो सका।

दोपहर करीब 1:00 बजे अप लाइन पर गिट्टी डालने वाली टीटीएम मशीन से कार्य शुरू हुआ, जिसके चलते क्रॉसिंग को दोबारा बंद कर दिया गया। लगभग 1:15 बजे क्रॉसिंग खुलने के बाद दोनों ओर से वाहनों का दबाव अचानक बढ़ गया, जिससे भारी जाम लग गया। मशीन के चलते समय स्कूली बच्चे भी चिलचिलाती गर्मी में काफी देर तक फंसे रहे। तेज धूप में खड़े रहने से बच्चों को परेशानी झेलनी पड़ी और अभिभावकों में भी नाराजगी देखी गई।

साप्ताहिक बाजार के कारण कस्बे में भीड़ अधिक रही, जिससे क्रॉसिंग पर दबाव और बढ़ गया। बाजार आने-जाने वाले लोगों और वाहनों की वजह से जाम की स्थिति और गंभीर हो गई। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस व्यस्त क्रॉसिंग पर अक्सर इसी तरह जाम लगता है। गेट खुलते ही वाहन चालक जल्दबाजी में निकलने की कोशिश करते हैं, जिससे स्थिति नियंत्रण से बाहर हो जाती है। जाम के चलते दोपहिया से लेकर बड़े वाहन तक रेंगते नजर आए।



जाम में फंसकर परेशान हो गए लोग। अमृत विचार




न्यूज ब्रीफ

## बाइक लूट के मामले में तीन साल की सजा

इटावा। विशेष न्यायाधीश एंटी डकैती अशोक कुमार दुबे ने चार साल पुराने बाइक व मोबाइल लूट के मामले की सुनवाई करते हुए आरोपी को दोषी पाया। दोषी पाए जाने पर कोर्ट ने उसे तीन साल की सजा सुनाई। इसके अलावा कोर्ट ने उस पर तीन हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया। अपर जिला शासकीय अधिवक्ता कौशलेंद्र सिंह तोमर ने बताया कि बकेवर निवासी सौरभ यादव ने बकेवर थाने में दर्ज कराई रिपोर्ट में आरोप लगाया कि उसके भाई 23 अगस्त को बाइक से आ रहे तभी रास्ते में लुटेरों ने मारपीट कर उसके पास से बाइक व मोबाइल लूट लिए थे। तहरीर के आधार पर पुलिस ने लूट की धाराओं में मामला दर्ज किया था। छानबीन के बाद अभिषेक यादव उर्फ टाइगर, कपिल यादव उर्फ गइया, शिवम कश्यप व रघुनंदन उर्फ रघु निवासी श्याम नगर नई मंडी के नाम प्रकाश में आए थे। पुलिस ने उन्हें पकड़कर जेल भेज दिया। उनके पास से लूटी गई बाइक व मोबाइल बरामद हुए। छानबीन के बाद पुलिस ने चारों के खिलाफ आरोप पत्र कोर्ट में पेश कर दिए। सुनवाई के बाद रघुनंदन की फाइल को प्रथक कर दिया था। मामले की सुनवाई विशेष न्यायाधीश एंटी डकैती कोर्ट में हुई। अपर जिला शासकीय अधिवक्ता कौशलेंद्र तोमर के द्वारा पेश किए साक्ष्यों व गवाहों के आधार पर कोर्ट ने रघुनंदन को दोषी पाया और उसे तीन साल की सजा व तीन हजार रुपया के अर्थदंड से दंडित किया गया।

## पुलिस ने पकड़ा वारंटी

इटावा। थाना फ्रेण्डस कालोनी पुलिस अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के अंतर्गत फरार चल रहे वारंटी नरेन्द्र कुमार पुत्र पंचम सिंह निवासी पचावली थाना फ्रेन्ड्स कालोनी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया।

## सड़क दुर्घटनाओं में तीन लोग घायल

इटावा। जनपद के अलग अलग स्थानों पर हुईं सड़क दुर्घटनाओं में तीन लोग गम्भीर रूप से घायल हो गए। थाना इकदिल क्षेत्र के अंतर्गत मानिकपुर मोड़ बाईपास स्थित हनुमान भट्टा के पास कार और बाइक के बीच हुई भिड़ंत में खालिद अंसारी पुत्र नसीर अहमद निवासी मोहल्ला चमरैठी कोतवाली इटावा व सलमान पुत्र मो. खलील निवासी मोहल्ला शाहग्रान कोतवाली इटावा घायल हो गए। थाना वैदपुरा क्षेत्र के अंतर्गत राधा स्वामी सत्संग के पास अज्ञात वाहन की चपेट में आने से पुष्पांजलि पुत्री वीरेंद्र निवासी बिरौली वैदपुरा घायल हो गई। घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।

## बिजली चोरी करते पकड़े गए पांच लोग

इटावा। अधीक्षण अभियन्ता विद्युत ऋषभ देव के निर्देशन में विद्युत टीम ने मॉर्निंग रेड कर पांच लोगों को बिजली चोरी करते पकड़ा। विभाग द्वारा चयनित फीडरों पर विद्युत चोरी रोके जाने, बकायेदार उपभोक्ताओं से राजस्व वसूली करने एंव अन्य वाणिज्यिक बिन्दुओं पर कार्य किया जा रहा है जिसके तहत उपखण्ड अधिकारी प्रथम नवनीत कुमार एंव अवर अभियन्ता रतनभूषण ने विजलेंस टीम के साथ संयुक्त रूप से विद्युत उपकेंद्र कालीवाहन से पोषित मोहल्ला बाह अड्डा, मालियन टोला, पुरोहितन टोला में मॉर्निंग रेड की। रेड के दौरान पांच उपभोक्ताओं रफीक पुत्र सईद, इमरान पुत्र आजम, रिहाना बेगम पत्नी मु. अतीक अहमद, श्रम कुमार कुशवाह, संजीव कुमार पुत्र जगमोहन द्वारा अपने परिसर पर बिना संयोजन/अतिरिक्त केबिल से विद्युत चोरी करते पकड़ा है।

# दो ट्रकों के बीच में फंसा ई-रिक्शा चालक की गिरने से मौत, बच्ची घायल

## बकेवर क्षेत्र के गांव सुनवर्षा के पास हाईवे पर हुआ हादसा, मचा कोहराम

संवाददाता बकेवर इटावा



पोस्टमार्टम हाउस पर गमगीन बैठे मृतक के परिजन व इलियास की फोटो इनसेट।

अमृत विचार। आगरा-कानपुर नेशनल हाईवे पर एक पेट्रोल पंप के पास बुधवार रात दो ट्रकों के बीच ई रिक्शा के फंसने से ई-रिक्शा चालक हाईवे पर गिर पड़ा। तभी पीछे से आए अनियंत्रित ट्रक ने उसको कुचल दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। वहीं उसकी पुत्री व एक पड़ोसी गंभीर रूप से घायल हो गया। दोनों को 50 शैया अस्पताल में भर्ती कराया गया। यहां पुत्री की हालत गंभीर होने पर उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

मृतक की पहचान इलियास (30) निवासी नखासा के रूप में हुई है। वह ई-रिक्शा चलाकर परिवार का पालन-पोषण करता था। बताया गया है कि औरैया में एक शादी समारोह में शामिल होने के बाद परिवार के साथ अपने ई- रिक्शा से वापस घर लौट रहा था। परिजनों ने बताया कि इलियास हाईवे की बीच लाइन पर ई- रिक्शा चला रहा था, तभी औरैया-इटावा मार्ग पर सुनवर्षा रजवाहा के पास दोनों ओर से रिक्शा को ट्रकों ने ओवरटेक करना शुरू कर दिया। इसी दौरान ई-रिक्शा दोनों ट्रकों के बीच फंस गया। अचानक संतुलन बिगड़ने पर चालक इलियास ऑटो से उछलकर नीचे गिर पड़ा और पीछे से आ रहे ट्रक की चपेट में आने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के समय चालक के बगल में बैठे युवक शाकिब ने सूझबूझ दिखाते हुए ई-रिक्शा का हैंडल पकड़ लिया और किसी तरह वाहन को नियंत्रित कर लिया। इससे ई रिक्शा पलटने से बच गया और बड़ा हादसा टल गया। घटना में मृतक की बेटी माईशा (4) व पड़ोसी शीलू (27) घायल हो गए। एनएचएआई की भ्रमण टीम व बकेवर पुलिस ने दोनों घायलों को 50 शैया अस्पताल में भर्ती कराया। यहां हालत चिंताजनक होने के चलते माईशा को जिला अस्पताल रेफर किया गया। वहीं, हादसे के बाद दोनों ट्रक चालक मौके से भाग गए। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। ई-रिक्शा में बैठे शाकिब ने बताया कि वह भी औरैया से निमंत्रण खाकर लौट रहा था। ऑटो में कुल आठ लोग सवार थे और उसका भांजा इलियास ही वाहन चला रहा था।

## सोशल मीडिया पर दोस्ती कर दुष्कर्म करने वाले को भेजा जेल

इटावा। सोशल मीडिया से नाबालिगों को जाल में फंसाकर ले जाने और उसके साथ दुष्कर्म करने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। बकेवर क्षेत्र की एक किशोरी को थाना भरथना के यादव नगर निवासी तन्मय श्रीवास्तव ने इंस्टाग्राम के माध्यम से अपने जाल में फंसाया। आरोपी करीब दो माह पूर्व किशोरी को घर से लखनऊ ले गया। यहां उसने उसके साथ दुष्कर्म किया। किशोरी के गायब होने पर उसके पिता ने बकेवर थाने में अपहरण की प्राथमिकी दर्ज कराई थी। गुरुवार को सूचना पर थाने के उपनिरीक्षक दयाशंकर ने टीम के साथ मुख्य आरोपी के घर पर दबिश देकर उसे गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने किशोरी को भी सकुशल बरामद कर लिया है। पूर्व में दर्ज अपहरण के मुकदमे में अब दुष्कर्म और पॉक्सो एक्ट की धाराएं बढ़ाई गई हैं। किशोरी का मेडिकल परीक्षण कराने के बाद उसे नारी निकेतन भेज दिया गया है।

# डीसीएम की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

कार्यालय संवाददाता इटावा

- उदी चकर नगर रोड पर हुआ हादसा, चालक डीसीएम समेत हुआ फरार

अमृत विचार। बढ़पुरा क्षेत्र के चकरनगर उदी मोड़ रोड पर गुरुवार दोपहर अनियंत्रित डीसीएम की टक्कर से बाइक युवक को टक्कर मार दी। इसमें युवक की अस्पताल ले जाते समय मौत हो गई। हादसे के बाद डीसीएम चालक मौके से भाग निकला। जानकारी मिलने पर परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल था।

गुरुवार दोपहर करीब एक बजे जरहोली निवासी मनीष राजपूत (22) गांव से कुछ सामान लेने के लिए बाइक से उदी मोड़ आ रहा था। जैसे ही वह उदी मोड़ चौराहा-चकरनगर रोड पर पहुंचा, सामने से आ रही एक अनियंत्रित डीसीएम ने उसकी बाइक में सीधी टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि मनीष गंभीर रूप से घायल हो गया और जिला अस्पताल ले जाते समय उसने दम तोड़ दिया। परिजनों ने बताया कि मनीष प्राइवेट नौकरी करने के साथ अपने पिता के साथ खेती-किसानी के काम में हाथ बंटाता था और परिवार की आर्थिक जिम्मेदारी उठाने में मदद कर रहा था। मनीष तीन भाइयों और एक बहन में सबसे बड़ा था। वह अभी अविवाहित था और घरवाले उसके लिए शादी का रिश्ता देख रहे थे, लेकिन इस हादसे ने खुशियों को मातम में बदल दिया। मनीष की मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक की मां प्रीति देवी, भाई अनीस, अंकित और बहन रागिनी का रो-रोकर बुरा हाल है। बढ़पुरा पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थाना प्रभारी बीके मिश्रा ने बताया टक्कर मारने वाली डीसीएम चालक की तलाश की जा रही है। जल्द ही चालक को पकड़कर कार्रवाई की जाएगी।

# अनियंत्रित लोडर पीछे से डंपर में घुसा, वृद्ध की मौत

कार्यालय संवाददाता इटावा

- लगुन चढ़ाकर लौट रहे थे तभी पछायगांव के पास हुआ हादसा

अमृत विचार। उदी बाह रोड पर गांव पछायगांव के पास तेजी से आ रहा लोडर पीछे से डंपर में जा घुसा। जिससे लोडर में सवार एक वृद्ध की मौत हो गई, जबकि एक दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए अलग अलग अस्पतालों में भर्ती कराया गया है पुलिस ने शव का पोस्ट मार्टम कराया है।

थाना बाह क्षेत्र के विक्रमपुर गांव के लोग टीका चढ़ाने बुधवार शाम को लोडर से भिंड़ गए थे। देर रात लौटते समय लोडर चलते हुए डंपर में पीछे से घुस गया। जिससे लोगों में चीख-पुकार मच गई। गंभीर हालत में घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया। यहां गंभीर हालत में पांच को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। यहां डॉक्टर ने एक वृद्ध को मृत घोषित कर दिया जबकि 15 घायलों को उपचार शुरू हुआ। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को निकाल कर सीएचसी भिजवाया जहां हालत गंभीर होने पर बालेश्वर 60 वर्ष, राना प्रताप (65), श्याम नरेश (62), भोजराज (70), अरविंद (25) और धर्मेंद्र (50) को जिला अस्पताल ले जाया गया। जहां डॉक्टर शिवम ने बालेश्वर को मृत घोषित कर दिया।

अन्य घायल सत्यवीर, प्रवीन, कल्ला, इंद्रवीर, प्रांजल, दिनेश, श्रवण, उपेंद्र, हरेंद्र और दशरथ का इलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बाह में चल रहा है। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है।

www.amritvichar.com पर भी खबरें पढ़ें

## चोरी की कार सहित 1 गिरफ्तार दूसरा फरार

बकेवर। पुलिस ने अंतर्राज्यीय कार चोर को चोरी की कार सहित गिरफ्तार कर लिया। थानाध्यक्ष बकेवर विपिन मलिक पुलिस बल के साथ पूर्वी तिराहे पर संदिग्ध वाहन की चेकिंग कर रहे थे। तभी एक कार कस्बा बकेवर की ओर से आती हुयी दिखाई दी। पुलिस ने कार को रोकने का प्रयास किया तो कार सवार ने कार को भगा दिया। पुलिस टीम द्वारा बल प्रयोग करते हुये एक कार चालक को पकड़ लिया। उसने अपना नाम आदित्य निवासी जनपद ग्वालियर बताया। उसने बताया कि फोन से भोपाल रेलवे स्टेशन से बुक की थी तथा अपनी लोकेशन पहुंचने से पहले हम दोनों ने मिलकर बाथरूम का बहाना बनाकर गाड़ी रुकवाई तथा चाकू से चालक पर वार करके उसे घायल कर दिया तथा उससे यह गाड़ी छीन ली एवं चालक को गाड़ी की पीछे वाली सीट पर डालकर ले जाने लगे परन्तु थाना दोहरा जिला सिहोर के पास एक पेट्रोल पम्प पर चालक घायल अवस्था में गाड़ी से कूद गया। पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई के बाद उसे जेल भेज दिया।

## महिला का शव फंदे पर लटका मिला, मायके वालों ने हत्या का आरोप लगाया

जसवंतनगर। क्षेत्र के जैनपुर नागर गांव में घर में अकेली विवाहिता का शव कमरे में फंदे पर लटका मिला। सूचना मिलते ही मायके पक्ष के लोग मौके पर पहुंच गए और हत्या का आरोप लगाते हुए हंगामा शुरू कर दिया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को नियंत्रित किया और शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस ने रिपोर्ट आने के बाद कार्रवाई की बात कही। जैनपुर नागर निवासी जयपाल सिंह के पुत्र लवी बाबू की शादी तीन साल पूर्व कटेखेड़ा सराय भूपत निवासी राजेश कुमार की पुत्री कीर्ति के साथ प्रेम विवाह के रूप में हुई थी। बुधवार 15 अप्रैल को गांव व कस्बे में निकली शोभायात्रा में परिवार के अधिकांश सदस्य शामिल होने चले गए थे, जबकि कीर्ति घर पर ही मौजूद थी। शाम के समय कीर्ति के बड़े बेटे राघव को बुखार आ गया, जिस पर उसने अपने पति को फोन कर घर आने के लिए कहा। इसी दौरान पति-पत्नी के बीच किसी बात को लेकर कहासुनी भी हुई थी। पुलिस के अनुसार बाद में कीर्ति का शव घर के अंदर फंदे पर लटका मिला। ससुराल पक्ष के लोगों ने उसे नीचे उतार लिया था। वहीं, सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे मृतका के पिता राजेश कुमार व अन्य परिजनों ने आरोप लगाया कि उनकी बेटी की हत्या कर उसे आत्महत्या का रूप देने की कोशिश की गई है। उन्होंने बताया कि गांव के कुछ लोगों ने फोन कर उन्हें बेटी की तबीयत खराब होने की सूचना दी थी, लेकिन जब वे घर पहुंचे तो कीर्ति का शव जमीन पर पड़ा मिला और घर में केवल उसकी सास मौजूद थी, जबकि अन्य लोग मौके से गायब थे। मृतका के दो छोटे बेटे राघव और पुनीत हैं। सूचना पर एसडीएम कुमार सत्यमजीत, सीओ आयुषी सिंह, थानाध्यक्ष कमल भाटी पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और जांच शुरू की।

## सड़क सुरक्षा के प्रति किया जागरूक

इटावा। थियोसोफिकल इंटर कॉलेज में गुरुवार को होण्डा एजेन्सी द्वारा सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें छात्र-छात्राओं को एक शिक्षाप्रद वीडियो फिल्म के माध्यम से यातायात नियमों की जानकारी दी गई। इस अवसर पर एजेन्सी के प्रतिनिधि सुयश वर्मा अपनी टीम के साथ उपस्थित रहे।



## कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी रामनगर (चित्रकूट)

पत्रांक: 1882/लेखा/टेंडर/2026–27 | दिनांक:– 16 अप्रैल, 2026

**निविदा सूचना**

निम्नांकित योजनान्तर्गत विकास खण्ड रामनगर की निम्नांकित ग्राम पंचायत में कार्य कराया जाना है जिसके लिए **जी0एस0टी0/आयकर सहित विकास खण्ड रामनगर में पंजीकृत** आपूर्तिकर्ताओं/ठेकेदारों से दिनांक– 23.04.2026 तक टेंडर आमंत्रित किए जाते हैं:–

| क्र0 सं0 | योजना | कार्य का नाम | वर्क आई0 डी0 सं0 एवं वर्ष | सामग्री का विवरण एव मात्रा | प्राक्कलन धनराशि लाख रु0 में | जमानत धनराशि | टेंडर फार्म फीस | कार्य कराने का समय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | विधायक निधि | ग्राम पंचायत चोरहा के मजरा विनौरा में नत्थू के घर से मेनरोड नारायण दत्त के घर की ओर इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य। | 240131023 2025–26 क्र0–01 | प्राक्कलन के अनुसार | 9.98 | 20000 | 1000 | 03 माह |
| 2 | विधायक निधि | ग्राम पंचायत चोरहा के मजरा विनौरा मे नारायण दत्त के घर से नाला तक इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य | 240131024 2025–26 क्र0–02 | तदैव | 9.98 | 20000 | 1000 | 03 माह |
| 3 | विधायक निधि | ग्राम पंचायत करौंदी कला में सर्वेश त्रिपाठी के घर से द्वारिका राजपूत के घर की ओर इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य | 240131026 2025–26 क्र0–03 | तदैव | 9.95 | 20000 | 1000 | 03 माह |
| 4 | विधायक निधि | ग्राम पंचायत सिंहपुर में मुराली के घर से कामता के घर की ओर इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य। | 240131027 2025–26 क्र0–04 | तदैव | 9.96 | 20000 | 1000 | 03 माह |
| 5 | विधायक निधि | ग्राम पंचायत सिंहपुर मे शिव प्यारे के घर से प्रेमवा के घर की ओर इण्टरलाकिंग निर्माण | 240131028 2025–26 क्र0–05 | तदैव | 9.90 | 20000 | 1000 | 03 माह |
| 6 | विधायक निधि | ग्राम पंचायत करौंदी कला के मजरा कुई में श्रीनाथ गर्ग के घर से चन्द्रभूषण के घर की ओर इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य | 240131025 2025–26 क्र0–06 | तदैव | 9.99 | 20000 | 1000 | 03 माह |
| 7 | विधायक निधि | ग्राम पंचायत बरुवा के मजरा गंज में शनि मंदिर से नदी घाट तक इण्टरलाकिंग व नाली निर्माण कार्य। | 240131030 2025–26 क्र0–07 | तदैव | 9.97 | 20000 | 1000 | 03 माह |
| 8 | विधायक निधि | ग्राम पंचायत बरुवा में वरिन्द्र सिंह के घर से कल्लू सिंह के घर तक इण्टरलाकिंग व नाली निर्माण कार्य। | 240131032 2025–26 क्र0–08 | तदैव | 6.35 | 13000 | 1000 | 03 माह |
| 9 | विधायक निधि | ग्राम पंचायत बरुवा में नत्थू निषाद के घर से राधेश्याम नाई के घर तक इण्टरलाकिंग व नाली निर्माण कार्य। | 240131033 2025–26 क्र0–09 | तदैव | 7.70 | 16000 | 1000 | 03 माह |

विकास खण्ड में पंजीकृत आपूर्तिकर्ताओं/ पंजीकरण ठेकेदरों से अपेक्षा है कि दिनांक 17.04.2026 से दिनांक 23.04.2026 को दोपहर 12.00 बजे तक उक्त कार्य पर सामग्री आपूर्ति/कार्य कराने हेतु टेंडर फार्म मु0 1000/– (रूपये एक हजार मात्र) का नगद/चेक/डीडी का भुगतान कर, प्राप्त कर उसी तारीख को टेंडर फार्म, जमानत, आवश्यक प्रपत्र जमा कर सकते है। आपूर्तिकर्ताओं/ठेकेदारों द्वारा जमा किए गये टेंडर उसी दिनांक को अपरान्ह 4.00 बजे खण्ड विकास अधिकारी रामनगर की अध्यक्षता में खोले जायेगें।

टेंडरदाता किसी भी दिन कार्यालय अवधि में उक्त अवधि में कार्यो के प्राक्कलन का परीक्षण कर सकते हैं

1– जिस फर्म की दर सबसे कम होगी उसी को आपूर्ति करने हेतु स्वीकृति प्रदान की जायेगी।
2– निविदा की दरों में सभी करों को सम्मिलित करके ही दर उपलब्ध कराया जाय।
3– टेण्डर फार्म के साथ सामग्री अंश का 02 प्रतिशत अर्नेष्ट मनी की धनराशि एन0एस0सी0/एफ0डी0 आदि के रूप में खण्ड विकास अधिकारी रामनगर चित्रकूट के नाम बंधक कराकर जमा करमा अनिवार्य होगा। साथ ही साथ जी0एस0टी0, पैनकार्ड आधारकार्ड की छाया प्रति संलग्न किया जाय।
4– टेण्डर स्वीकृत होने के उपरान्त 08 प्रतिशत सामग्री अश का धरोहर राशि (जमानत राशि) के रूप में एन0एस0सी0/एफ0डी0 आदि के रूप में अधोहस्ताक्षरी के पदनाम बंधक कराकर जमा करना अनिवार्य होगा।
5– निविदा फार्म की धनराशि रू0 1000.00 मात्र कार्यालय में कार्य दिवस में जमा कर प्राप्त किया जा सकता है।
6– परियोजनाओं पर सामग्री की मात्रा आवश्यकतानुसार घट–बढ़ सकता है।
7– टेण्डर की कार्यवाही सम्पन्न होने के उपरान्त लिखित रूप में स्वीकृति आदेश जारी होने पर ही परियोजनाओं पर सामग्री की आपूर्ति की कार्यवाही की जायेगी।
8– अन्य किसी भी प्रकार की जानकारी कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त किया जा सकता है।
9– खण्ड विकास अधिकारी द्वारा बिना कारण बताये किसी भी समय निविदा निरस्त की जा सकती है।
10– कतिपय कारणों से कार्य प्रारम्भ न होने पर सामग्री की आपूर्ति लिया जाना सम्भव नहीं होगा, तद्नुसार टेण्डर निरस्त माना जायेगा।
11– जी0एस0टी0 का भुगतान सम्बन्धित फर्म स्वय करेगी तथा उसकी सूचना अधोहस्ताक्षरी को देगे। साथ ही साथ कमिश्नर वाणिज्य कर, उत्तर प्रदेश लखनऊ के पत्र सं0 705 दिनाक 26.09.2018 के अनुसार 02 प्रतिशत जी0एस0टी0 की कटौती अधोहस्ताक्षरी के द्वारा भी की जायेगी। 14–शासनादेश संख्या/86–2020–52 (सा0)/2019 टीसी दिनांक 15 जनवरी, 2020 के कम में अधोहस्ताक्षरी द्वारा नियमानुसार रायल्टी की कटौती की जायेगी।
12– टेन्डर डालने वाली फर्म मा0 विधायक/प्रमुख/ख0वि0अ0/अवर अभियन्ता के परिवार के सदस्य/रिस्तेदार नही होने चाहिए।
13– टेण्डर फार्म के साथ परियोजना पर 02 प्रतिशत अर्नेष्ट मनी की धनराशि एन0एस0सी0/एफ0डी0 खण्ड विकास अधिकारी रामनगर के नाम से बन्धक कराकर मूल रूप में सलग्न किया जाय, न किये जाने पर टेण्डर फार्म स्वीकार्य नहीं किया जायेगा।
14– परियोजना पर 02 प्रतिशत अर्नेष्ट मनी की धनराशि एन0एस0सी0/एफ0डी0 एवं 08 प्रतिशत की धरोहर राशि (जमानत राशि) के रूप में एन0एस0सी0/एफ0डी0 कार्य पूर्ण होने के 06 माह के बाद ही बन्धक मुक्त किया जायेगा।

(राजेश कुमार तिवारी)
खण्ड विकास अधिकारी रामनगर


# ज्ञानस्थली का परीक्षा परिणाम रहा सौ फीसद

कार्यालय संवाददाता इटावा

अमृत विचार। करवाखेड़ा स्थित ज्ञानस्थली विद्यालय में आज सीबीएसई के परीक्षा परिणाम के अवसर पर मेधावी छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहित करने के लिए आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता विद्यालय समिति के चेयरमैन शिवप्रसाद यादव ने की।

विद्यालय में सभा के पूर्व मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर पुष्पहार किया गया। विद्यालय के छात्रों का परिणाम शत प्रतिशत रहा। विद्यालय की कक्षा 10 के मेधावी छात्रों में सौम्या दुबे 96 प्रतिशत, अर्णव पांडे 94 प्रतिशत, अंश प्रताप 92 प्रतिशत, दक्षित राय 92 प्रतिशत, देव दुबे 90 प्रतिशत, सोनिया यादव 90 प्रतिशत, लकी यादव 90 प्रतिशत, अक्षत जैन 90 प्रतिशत अंक प्राप्त किये। चेयरमैन शिवप्रसाद यादव ने छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि सफलता वही पाता है, जो कठिनाइयों से हार नहीं मानता। हर सफलता के पीछे समर्पण और निरंतर प्रयास छिपा होता है। परिणाम आपकी लगन का आईना होता है। प्रधानाचार्य अंशुल तिवारी ने सभी बच्चों को आशीर्वाद के साथ जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा दी।

कार्यक्रम में विद्यालय प्रबंधन समिति प्रमुख शिवमंगल, ज्ञानस्थली ग्रुप ऑफ स्कूल्स के स्पोर्ट डायरेक्टर खेल वासिफ खान, वित्त विभाग प्रमुख नीरज त्रिपाठी व विद्यालय परिवार के सभी शिक्षकगण उपस्थित रहे।

## रेडवुड ग्लोबल स्कूल के छात्रों का रहा शानदार प्रदर्शन

इटावा। हाईस्कूल के परीक्षा परिणामों में विद्यालय के विद्यार्थियों ने एक बार फिर अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। कड़ी मेहनत, अनुशासन और शिक्षकों के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट अंक प्राप्त किए। विद्यालय की मेधावी छात्र वर्षा ने 91.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। 91.4 प्रतिशत के साथ अलीना ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया तथा संयुक्त रुप से अनामिका व दिव्यांशी 90 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इसके अतिरिक्त अनेक विद्यार्थियों ने विद्यालय की शैक्षणिक गुणवत्ता को प्रमाणित किया। गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी विद्यालय का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा, जो विद्यालय के लिए गर्व का विषय है। विद्यालय के चेयरमैन अज्ञात वर्मा, डायरेक्टर स्वाति वर्मा एवं प्रधानाचार्य विवेक श्रीवास्तव ने सभी विद्यार्थियों को इस शानदार सफलता पर हार्दिक बधाई दी। विद्यालय के कक्षा 10 के कुल 149 बच्चों में 38 विद्यार्थियों ने 85 प्रतिशत से ऊपर व 63 विद्यार्थियों ने 80 प्रतिशत से ऊपर अंक प्राप्त कर अपना नाम रोशन किया है। विद्यालय परिवार ने सभी सफल विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

उपलब्धि

शिक्षकों ने बच्चों को मिठाई खिलाकर दी उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं

# सेंट मेरी के रियांश ने पाए 98.8 फीसद अंक


ज्ञानस्थली के मेधावियों के साथ प्रधानाचार्य व अन्य। अमृत विचार


रेडबुड ग्लोबल के मेधावी बच्चों के साथ चेयरमैन अज्ञात वर्मा निदेशक स्वाति वर्मा।

कार्यालय संवाददाता इटावा

अमृत विचार। सीबीएसई हाईस्कूल का परीक्षाफल घोषित हुआ। इसमें सेंट मेरी इंटर कालेज के रियांश चतुर्वेदी ने 98.8 प्रतिशत अंक हासिल कर जिला टॉप किया।

वहीं विद्यालय के ही राजवर्धन दुबे ने 98.4 प्रतिशत अंक पाकर द्वितीय स्थान प्राप्त किया। जिले में तीसरा स्थान एसएस मेमोरियल इंटर कालेज सैफई की नंदनी के अलावा सेंट मेरी की संस्कृति एवं वैष्णनी ने 98.2 प्रतिशत अंक हासिल कर पाया। इसके अलावा जिले में चौथे स्थान पर सुदिति ग्लोबल एकेडमी के सूर्यांश सिंह व सेंट मेरी की यशस्वी ने 98 प्रतिशत अंक हासिल किये। सुदिति ग्लोबल एकेडमी के रियांश 97.6 प्रतिशत अंक हासिल कर जिले में पांचवा स्थान पाया। छठवें स्थान पर एमनीव विजन स्कूल के अभिनव शुक्ला, सुदिति ग्लोबल एकेडमी की प्रज्ञा 97.4 प्रतिशत अंक हासिल किये। डीपीएस इटावा के आर्यन यादव, पान कुंवर इंटर नेशनल स्कूल की आराध्या गुप्ता, एमनीव विजन स्कूल के यशप्रताप सिंह ने 97 प्रतिशत अंक हासिल कर जिले में सातवां स्थान पाया। सुदिति ग्लोबल एकेडमी की मानवी व डीपीएस की अदिति सिंह ने 96.8 प्रतिशत अंक हासिल कर जिले में आठवां स्थान पाया। सेंट मेरी के शौर्य ने 96.6 प्रतिशत अंक हासिल कर जिले में नवां स्थान तथा दसवें स्थान पर सेंट मेरी की वंशिका रहीं। वहीं डीपीएस की ईशा पांडेय व अदिति चौहान ने 96.4 फीसद त अंक प्राप्त किये।

न्यूज ब्रीफ

### चचेरे देवर की शादी में भाभी की हालत बिगड़ी, मौत

**सुमेरपुर (हमीरपुर)।** ग्राम सुरौली बुजुर्ग के मजरा कछार में देवर की हल्दी रसम के बाद चचेरी भाभी की अचानक तबियत बिगड़ गई और अस्पताल ले जाते समय रास्ते में मौत हो गई। सदर अस्पताल में डॉक्टरों के मृत घोषित करते ही शादी की खुशियां मातम में बदल गई। बड़ा कछार निवासी संदीप निषाद की गुरुवार को बारात जानी थी। बुधवार को घर पर हल्दी रस्म का कार्यक्रम था। इस कार्यक्रम में संदीप निषाद की चचेरी भाभी अनीता निषाद (30) पत्नी पवन निषाद भी शामिल हुई थी। देर रात तक चले कार्यक्रम के बाद यह घर वापस लौट गई। तड़के इसकी घर पर ही अचानक हालत बिगड़ गई। हालत बिगड़ने पर परिजन इलाज के लिए सदर अस्पताल ले गए, लेकिन उसने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। सदर अस्पताल में डॉक्टर ने चेकअप के बाद मृत घोषित कर दिया। परिजन शव लेकर घर लौट आए शव के घर आते ही शादी की खुशियां मातम में बदल गई। गांव में ही उसका अंतिम संस्कार किया गया। मृतका अपने पीछे पति एक पुत्री दो पुत्रों को रोता बिलखता छोड़ गई है। अचानक हुई इस घटना के बाद शादी की अन्य रस्में सादगी के साथ निभाई जा रही हैं।

### बंद पड़े दो क्रय केंद्र संचालित करने की भाकियू ने की मांग

**हमीरपुर।** भाकियू टिकैत गुट ने ग्राम बिवांर में बंद पड़े दो क्रय केंद्र संचालित करने की मांग को लेकर अतिरिक्त एसडीएम को ज्ञापन सौंपा है। भारतीय किसान यूनियन (टिकैत गुट) के जोनल सचिव बुंदेलखंड महेश कुमार तिवारी के नेतृत्व में दिए ज्ञापन में उन्होंने बताया कि ग्राम बिवांर में दो क्रय केंद्र खोले गए थे जो आज तक संचालित नहीं हुए है जिससे लगभग 16 गांवों के किसान गेंहू बेचने के लिए दर बदर भटक रहें है। बताया कि कुछ किसानों के बच्चों की शादी भी लगी है। जिससे मजबूर होकर गेंहू व्यापारी औने पौने दाम में बेचने को मजबूर है। उन्होंने दोनों क्रय केंद्रों को संचालित करने की मांग की है। उन्होंने दो दिनों में मांग पूरी ना होने पर आंदोलन की चेतावनी भी दी है। इस मौके पर दयाराम ओमरे, जय सिंह, राजकिशोर तिवारी, रामकिशोर आदि भाकियू कार्यकर्ता मौजूद रहें।

### पानी के बतासे खाने से एक ही परिवार के पांच लोग बीमार

**सुमेरपुर (हमीरपुर)।** कस्बे के गढ़ी मोहल्ले में पानी के बतासे खाने के बाद एक ही परिवार के पांच लोगों को फूड प्वाइजनिंग का शिकार हो गए। आनन फानन में इन्हें प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। जहां से सदर अस्पताल रेफर किया गया। वहीं चित्रकूट में तैनात सिपाही का भी फूड प्वाइजनिंग के चलते अभी इलाज चल रहा है। कस्बे के गढ़ी मोहाल निवासी यासीन मोहम्मद ने बताया कि परिवार के लोग मोहल्ले में बतासे की ढिलिया लगाने वाले से बुधवार को शाम साढ़े छह बजे पुत्र मोहम्मद फरहान (13), पुत्री कहकशा (18), मंतसा परवीन (29) पत्नी वसीम मोहम्मद, भाई वसीम मोहम्मद (32), साली नरगिस ने पानी की बतासे खाए। करीब आधे घंटे बाद इन लोगों को फूड प्वाइजनिंग हो गई और लूज मोशन के साथ उल्टियां होने लगीं। इस पर इन्हें प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। जहां से सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। अब उनकी हालत में सुधार है। वहीं भाई वसीम मोहम्मद पुलिस में है और मौजूदा समय में चित्रकूट में तैनात है। वह बुधवार को ही रात में चित्रकूट ड्यूटी में चला गया था। जहां उसकी भी हालत बिगड़ गई और उसको भी जिला अस्पताल में भर्ती होना पड़ा। मोहम्मद वसीम ने बताया कि बच्चों ने बताया कि बतासे वाले के पानी में कीड़े आदि निकले थे। उसी के पीने से फूड प्वाइजनिंग हुई है।

### डॉ.आंबेडकर की प्रतिमा की सुरक्षा को लेकर दिया ज्ञापन

**राठ।** क्षेत्र के औरेड़ा गांव में 12 अप्रैल को स्थापित डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा की सुरक्षा को लेकर अनुयायी परेशान है। अनुयायियों ने गुरुवार को राष्ट्रपति को संबोधित पत्र एसडीएम को सौंपा है। जिसमें प्रतिमा की सुरक्षा की मांग की है। क्षेत्र के औरेड़ा गांव में डॉ भीम राव आंबेडकर की प्रतिमा पिछले 12 अप्रैल को स्थापित की गई थी। प्रतिभा स्थापित करने के बाद अनुयायियों को आशंका है कि अराजकतत्व कहीं क्षतिग्रस्त न कर दें। इसी को लेकर गांव की महिलाएं ललिता देवी, अनीता, कुसुम लता, रीमा, अशोक रानी, सुनीता, लक्ष्मी, संध्या, फूला, मानसी, मानवती, माया आदि ने ज्ञापन सौंपा।

# मजदूरी बढ़ाने की मांग को लेकर श्रमिकों ने काटा हंगामा

संवाददाता, सुमेरपुर (हमीरपुर)

- शासन से तय की गई न्यूनतम मजदूरी दिलाने की उठाई मांग

**अमृत विचार।** नोएडा के बाद अब कस्बे की उद्योग नगरी में संचालित बहुराष्ट्रीय कंपनी के श्रमिकों ने मजदूरी बढ़ाने की मांग को लेकर कार्य का बहिष्कार करके जमकर हंगामा किया। ज्यादातर श्रमिक ठेकेदारों के अधीन कार्य करते हैं। श्रमिकों का आरोप है कि उनके साथ ठेकेदार मनमानी कर रहे हैं और शासन द्वारा तय की गई न्यूनतम मजदूरी से भी कम मजदूरी देकर नियमों की खुलेआम धज्जियां उड़ा रहे हैं।

कस्बे की उद्योग नगरी में बहुराष्ट्रीय कंपनी एचयूएल एवं यूआईएल संचालित है। इन कंपनियों में करीब आधा दर्जन से ज्यादा वेंडर (ठेकेदार) कार्य कर रहे हैं। इन वेंडरों के माध्यम से कंपनी में सैकड़ों मजदूर कार्य करते हैं। श्रमिकों का आरोप है कि कंपनी के अधीन कार्य करने वाले वेंडर कंपनी नियमों के साथ श्रम कानूनों को दरकिनार करके अपनी शर्तों पर मजदूरों को कार्य देते हैं और उनके हकों पर खुलेआम डाका डाल रहे हैं। नोएडा में श्रमिकों की आवाज बुलंद होने के बाद अब यहां पर भी वेंडरों के अधीन कार्य करने वाले श्रमिकों ने अपने हकों के लिए गुरुवार को आवाज बुलंद करके जमकर हंगामा काटा। वेंडरों के अधीन कार्य करने वाले मजदूर अभि चौधरी, इशांत, बरदानी, राकेश, मानसिंह, छोटेलाल, मोहित यादव, अमित, हरिओम, केशव, नितिन, लाल बहादुर, मोहित साहू, योगेंद्र आदि ने आरोप लगाया कि उन्हें माह में 22 दिन की ड्यूटी दी जा रही है और प्रतिदिन महज 372 रुपये मजदूरी का भुगतान किया जा रहा है। साथ ही मोबाइल आदि अंदर नहीं ले जाने देते हैं और कैंटीन आदि में खाना नहीं दिया जाता है। यह फैक्ट्री नियमों का खुलेआम उल्लंघन है।

कंपनी मैनेजर भरत चौधरी ने बताया कि अभी मामला संज्ञान में नहीं है। श्रमिकों ने ऐसी कोई शिकायत उनसे नहीं की है। अगर श्रमिक शिकायत लेकर आते हैं तो नियमानुसार उनकी मांगों पर विचार करके निर्णय लिया जाएगा।



मजदूरी बढ़ाने को लेकर कंपनी गेट पर हंगामा करते श्रमिक। अमृत विचार

# आर्थिक तंगी से जूझ रहे दिव्यांग ने की आत्महत्या

संवाददाता, कुरारा (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** थानाक्षेत्र के डामर गांव में सड़क हादसे के बाद आर्थिक तंगी से जूझ रहे 35 वर्षीय विकलांग युवक ने साफी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पुलिस ने शव को नीचे उतारकर पोस्टमार्टम को भेजा है।

क्षेत्र के डामर गांव में बुधवार शाम करीब 7 बजे घटना सामने आई। जहां विकलांग युवक मलखान (35) पुत्र छिद्दू ने अपने ही घर में गमछे के फंदे से लटककर आत्महत्या कर ली। घटना से परिजनों में कोहराम मच गया और गांव में शोक का माहौल है। मृतक की मां ने बताया की वह खेतों में सीला बीनने गई थीं। शाम को जब वह घर लौटीं तो बेटे को फंदे पर लटका देख उनके होश उड़ गए और उन्होंने शोर मचाया, जिसके बाद आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए। मृतक का करीब एक वर्ष पूर्व सड़क दुर्घटना में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया था और पैर से विकलांग हो गया था। उसके इलाज में काफी पैसा खर्च हुआ, जिसके लिए परिवार को कर्ज लेना पड़ा। आर्थिक तंगी और मानसिक तनाव के चलते युवक काफी समय से परेशान चल रहा था। जिसके बाद यह कदम उठाया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को नीचे उतरवाकर पंचनामा भरते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक राम आसरे सरोज ने बताया की पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद सच पता चल सकेगा।

# महिला को बंधक बनाकर चोरों ने घर से लाखों की नकदी, जेवरात किए पार

## पुलिस अधीक्षक ने मौके पर पहुंचकर घटना की जांच के बाद शीघ्र खुलासे के दिए निर्देश

संवाददाता, बिवांर (हमीरपुर)

- बगल के कमरे में सो रहे पुत्र व बहू को सुबह जानकारी मिली

**अमृत विचार।** तीन अज्ञात नकाबपोश युवकों ने दीवार फांदकर घर में घुसकर गृहस्वामिनी को बंधक बनाकर लाखों रुपये के जेवरात और नकदी पार कर दी। बंदी महिला के पुत्र के कमरे के पास लुढ़ककर पैर मारने पर जगे पुत्र ने महिला को छुड़ाया। सूचना पर एसपी ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की।

थानाक्षेत्र के निवादा गांव की महिला अहिल्या विश्वकर्मा पत्नी गणेश प्रसाद विश्वकर्मा ने बताया कि घर में बड़ा लड़का-बहू दोनों रात करीब दस बजे खाना खाकर सो गए हैं। करीब रात 2 बजे के तीन नकाबपोश अज्ञात युवक हाथ मे लोहे की सरिया लिए दीवार फांदकर अंदर घुस आए। घर के अंदर आने पर आहट मिलने पर उसकी नींद खुल गई है। जिससे अज्ञात युवकों ने महिला को पकड़कर मुंह दबाकर हाथ पैर को बांध दिए, मुंह में कपड़ा लगाकर बंधक बना लिया और कमरे में रखी अलमारी का ताला तोड़कर करीब साढ़े चार लाख नकदी, सोने का हार आदि लेकर रफूचक्कर हो गए हैं। रस्सी से बंधी महिला किसी तरह लुढ़ककर करीब सुबह पांच बजे बेटे के कमरे के बाहर जाकर पैर से थपथपाने पर पुत्र की नींद खुली। पुत्र पवन के बाहर देखने पर मां को रस्सी से बंधा पाया है जिसे पुत्र ने रस्सी खोलकर मां को छुड़ाया है और यूपी 112 पर सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने मौके का निरीक्षण किया है। अहिल्या के पुत्र पवन ने अज्ञात युवकों के खिलाफ थाना में तहरीर दी है। सूचना पर पुलिस अधीक्षक मृगांक शेखर पाठक ने पहुंचकर जांच पड़ताल कर जल्द खुलासा करने को कहा है। मौदहा सीओ राजकुमार पाण्डेय ने बताया कि कुछ जेवरात नकदी घर में ही मिली है जांच कर जल्द घटना का खुलासा किया जाएगा।



घटना की जांच करती पुलिस। अमृत विचार

# मंत्री ने जिले के विकास कार्यों की समीक्षा की

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

**अमृत विचार।** जिले के प्रभारी मंत्री व जल शक्ति राज्य मंत्री रामकेश निषाद की अध्यक्षता में जनपद के विकास कार्यों एवं कानून व्यवस्था की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई। बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष जयंती राजपूत, विधायक राठ मनीषा अनुरागी, भाजपा जिलाध्यक्ष शकुन्तला निषाद सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

समीक्षा के दौरान प्रभारी मंत्री ने जनपद में अन्ना पशुओं की समस्या, उर्वरक की उपलब्धता, विकास कार्यों की वित्तीय एवं भौतिक प्रगति, विद्युत आपूर्ति, सड़कों की गड्ढामुक्ति, राजकीय नलकूपों के संचालन, स्वास्थ्य सेवाओं, कानून व्यवस्था, गौशालाओं में गोवंशों के संरक्षण तथा कृषि एवं समाज कल्याण विभाग की योजनाओं के क्रियान्वयन की विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में रोस्टर के अनुसार निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। हर घर जल योजना के अंतर्गत सभी संयोजित घरों तक नियमित जलापूर्ति सुनिश्चित की जाए। गौशालाओं में गोवंशों का समुचित रखरखाव किया जाए तथा कोई भी गोवंश छुट्टा न घूमे। कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखते हुए महिला अपराधों के विरुद्ध प्रभावी एवं त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। अवैध परिवहन एवं ओवरलोडिंग पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने, अवैध शराब के निर्माण, बिक्री एवं परिवहन पर रोक लगाने तथा सभी पात्र व्यक्तियों को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने के निर्देश दिए। इस अवसर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किए। बैठक में जिलाधिकारी घनश्याम मीना, एसपी मृगांक शेखर पाठक, चेयरमैन कुलदीप निषाद, सांसद प्रतिनिधि अशोक तिवारी, एडीएम (वित्त एवं राजस्व) राकेश कुमार, एडीएम न्यायिक रिजवाना शाहिद, एडीएम नमामि गंगे सुरेश कुमार सहित जनपद स्तरीय अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।



महिला कर्मचारी को प्रशस्तिपत्र देते जन प्रतिनिधि। अमृत विचार

# रोजगार सेवकों ने की कलम बंद हड़ताल

संवाददाता, सरीला (हमीरपुर)

- एक मई को धरना-प्रदर्शन की दी चेतावनी

**अमृत विचार।** ग्राम रोजगार सेवक (पंचायत मित्र) वेलफेयर एसोसिएशन के आह्वान पर अपनी विभिन्न मांगों को लेकर रोजगार सेवक आंदोलन का ऐलान किया है। सांकेतिक कलम बंद हड़ताल करते हुए खंड विकास अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। जिसमें मानदेय बढ़ोतरी, बकाये मानदेय व ईपीएफ यूएएन में जमा न किये जाने, नियमितीकरण और सेवा शर्तों में सुधार की मांगें शामिल है।

ब्लाक अध्यक्ष महेंद्र सिंह राजपूत ने बताया कि प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर जनपद के सभी रोजगार सेवक 16 से 25 अप्रैल तक सांकेतिक हड़ताल पर रहेंगे। इसके बाद भी मांगें पूरी न होने पर 26 से 27 अप्रैल को ब्लॉक स्तर पर धरना-प्रदर्शन किया जाएगा। वहीं 28 से 30 अप्रैल तक जनप्रतिनिधियों के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा जाएगा। संगठन ने चेतावनी दी है कि एक मई को जिला मुख्यालय पर एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन किया जाएगा। उन्होंने प्रशासन से किसी प्रकार का दबाव न बनाने की अपील की है। रोजगार सेवकों ने खंड विकास अधिकारी बिपिन कुमार को ज्ञापन सौंपा है। इस मौके पर अरविंद कुमार, राजकुमारी, रामसहाय प्रेम कुमार, रामकुमार, भारत लाल, महेश प्रसाद, कमलेश कुमार, ईमान पहरा, बलराम, सुधर सिंह, मलखान सिंह, राजकिशोर सहित अन्य ग्राम रोजगार सेवक उपस्थित रहे।



बीडीओ को ज्ञापन देते ग्राम रोजगार सेवक। अमृत विचार

www.amritvichar.com पर भी खबरें पढ़ें



मेधावियों को मिठाई खिलाकर हौसला बढ़ाते क्राइस्ट कान्वेंट के शिक्षक। अमृत विचार



सेठ छोटे लाल एकेडमी स्कूल में खुशी मनाते छात्र। अमृत विचार

# सीबीएसई दसवीं की परीक्षा में आर्यन को 97.6 फीसदी अंक

संवाददाता, राठ (हमीरपुर)

- परिणाम घोषित होते ही छात्रों में छाई खुशी की लहर

**अमृत विचार।** बुधवार को घोषित हुए सीबीएसई के कक्षा 10 का परिणाम घोषित होते ही छात्रों में खुशी की लहर दौड़ गई। कस्बे के उरई रोड़ स्थित क्राइस्ट कान्वेंट स्कूल के होनहार छात्र आर्यन यादव ने 97.6 फीसदी अंक पाकर जिले में नाम रोशन किया है। इसी तरह से इसी स्कूल की होनहार छात्रा श्रेयांशी द्विवेदी ने 97 फीसदी अंक हासिल किए। वहीं कशिश गौतम ने 96.4, अमातुल फातिमा 96, अरनव सिंह 95.8, भविष्य राजपूत 94.6, राजदीप 94.4, सार्थिक गुप्ता 94, आयुष 93.4, मानवी 93.4, कप्तान सिंह 93.4, रिषि वर्मा 93.2, राम गुप्ता 93, ऋषभ 92.6, मदीहा फातिमा 92.6, आदित्य कुमार 92.4, दिव्याशू राजपूत 92, मोहिनी गुप्ता 91.8 आदि बच्चों ने बेहतर प्रदर्शन कर माता पिता का नाम रोशन किया। सेठ छोटेलाल एकेडमी की ओजस्वा गुप्ता ने 96.8 फीसदी अंक पाकर जिले में नाम रोशन किया। इसी स्कूल के अगम्या राजपूत 94.8, रितिक राजपूत 95.4, राहील बशीर अहमद ने 95, आराध्या 94.4, आरूषी 94, अनन्या गुप्ता 94, हार्दिक राजपूत 93.6, वैभव गुप्ता 91.6, अनुज कुमार 91.2, अनन्या वर्मा 91.2, देवास 92 आदि बच्चों ने नाम रोशन किया। क्राइस्ट कान्वेंट के संस्थापक एमडी एस धनबालन, रामेश्वर दयाल, प्रिंसिपल ईरुबिन धर्मराज, प्रिंसिपल पवन कुमार मौर्य, उपप्रधानाचार्य हरिओम शरण साहू, शिक्षक धर्मेंद्र कुमार शर्मा, महेश यादव, गायत्री गुप्ता, आशीष कुमार मिश्रा, नीरज सिंह आदि ने बच्चों के गले में माला पहना मिठाई खिला हौंसला अफजाई की। इसी तरह से सेठ छोटेलाल एकेडमी के प्रबंधक धीरेंद्र श्रीवास्तव, अभिषेक गुप्ता, प्रधानाचार्या आयशा बुशरा समेत शिक्षकों ने छात्र छात्राओं को माला पहना बधाई दी।



रोजगार मेले में मौजूद छात्र-छात्राएं। अमृत विचार

# आईटीआई के 35 छात्रों का पीजी टेक्नोप्लास्ट कंपनी में चयन

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

**अमृत विचार।** मुख्यालय स्थित रघुनंदन सिंह आईटीआई में गुरुवार को रोजगार मेले का आयोजन हुआ। जिसमें 60 छात्र शमिल हुए, 35 छात्रों का पीजी टेक्नोप्लास्ट कंपनी में चयन हुआ।

पीजी टेक्नोप्लास्ट कंपनी के एचआर आशीष कुमार ने बताया कि संस्थान के 60 छात्रों का एग्जाम व साक्षात्कार लिया गया। जिसमें संस्थान के 35 छात्रों का चयन किया गया है। गौरतलब हो कि संस्थान की छात्रा मुस्कान साहू ने अखिल भारतीय व्यावसायिक परीक्षा जुलाई 2025 में 600 के पूर्णांक में 598 अंक अर्जित किए थे। संस्थान की प्रबन्धक प्रियंका सिंह ने बताया कि रघुनन्दन सिंह आईटीआई इसी तरह से रोजगार मेले लगाकर सभी छात्रों को रोजगार प्रदान करती रहेगी।

संस्थान के प्रधानाचार्य द्रवेश ने बताया कि इस बार संस्थान में प्रशिक्षण प्राप्त कर उत्तीर्ण छात्रों को रोजगार मेले में सम्मिलित करने का अवसर दिया गया था। जिसमें लगभग 60 छात्रों ने भाग लिया, 35 को रोजगार मिला।

कार्यक्रम

नारी शक्ति वंदन विधानसभा सम्मेलन का हुआ आयोजन

# आजादी के इतिहास में आज का दिन ऐतिहासिक : रामकेश निषाद

संवाददाता, सुमेरपुर (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** कस्बे के गीता वाटिका में आयोजित नारी शक्ति वंदन अधिनियम सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता जिला अध्यक्ष शकुंतला निषाद ने की और मुख्य अतिथि जल शक्ति राज्य मंत्री रामकेश निषाद रहे। विशिष्ट अतिथि सदर विधायक डॉ.मनोज प्रजापति, राठ विधायक मनीषा अनुरागी, जिला पंचायत अध्यक्ष जयंती राजपूत रहीं। सम्मेलन के पूर्व गीता वाटिका से लक्ष्मीबाई तिराहे तक पदयात्रा निकाली गई।

सम्मेलन के मुख्य अतिथि रामकेश निषाद ने कहा कि माताओं, बहनों, महिलाओं के लिए आजादी के इतिहास में आज का दिन ऐतिहासिक साबित होगा। क्योंकि भाजपा के नेतृत्व में प्रधानमंत्री देश की आधी आबादी को उनका अधिकार दिलाने के लिए संसद में विधेयक लाने जा रहे हैं। जल शक्ति राज्य मंत्री ने कहा कि आजादी के बाद से अब तक आधी आबादी को उनका अधिकार दिलाने के लिए किसी भी दल ने कोई कार्य नहीं किया है। भाजपा के प्रधानमंत्री के नेतृत्व में यह ऐतिहासिक कार्य देश के अंदर होने जा रहा है। इससे देश की आधी आबादी को बराबरी का दर्जा प्राप्त होगा। सदर विधायक डा. मनोज कुमार प्रजापति ने कहा कि नारी शक्ति को सशक्त बनाने के लिए लोकसभा में बिल लाया जा रहा है। यह गर्व की बात है। कार्यक्रम में महामंत्री लक्ष्मी रतन साहू, उत्तम सिंह, साधना सिंह, अरिमर्दन सिंह, रणवीर सिंह, शिवनारायण सोनकर, जय नारायण यादव, लालाराम निषाद, अरविंद श्रीवास्तव, मुनीर खान, दया सिंह, उर्मिला सिंह, गीता वर्मा, राखी शिवहरे, हिना परवीन, ज्योत्सना सिंह, उमा दीक्षित, रोशनी साहू, अर्चना, संध्या वर्मा सहित आंगनबाड़ी कार्यकत्री उपस्थित रही।




कार्यक्रम को संबोधित करते मुख्य अतिथि राज्य मंत्री रामकेश निषाद। अमृत विचार




जागरूकता रैली निकालते विद्यार्थी। अमृत विचार

### छात्रों ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम का किया प्रचार-प्रसार

**हमीरपुर।** उत्तर प्रदेश सरकार की मंशा के अनुरूप नारी शक्ति वंदन अधिनियम के प्रचार प्रसार अभियान के तहत ओम हरिहर महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवकों द्वारा नारी शक्ति पद यात्रा का आयोजन किया गया। नारी शक्ति पद यात्रा का आयोजन राष्ट्रीय राजमार्ग से ग्राम दरियापुर तक किया गया। जिसमें स्वयं सेवकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। विगत दिवस इसी आयोजन के तहत महाविद्यालय में नारी वन्दन हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। जिसमें छात्राओं ने अपने मनतव्य व्यक्त किए। कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ. स्वामी प्रसाद, अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी डॉ. रक्षादीन, डॉ. सरिता दुबे व अन्य प्रवक्ता डॉ. मनोज कुमार, डॉ. सूरज सिंह, डॉ. अमित नामदेव, डॉ. सीमा गुप्ता, डॉ. नीतू सिंह, नईम बक्श, अजीत सिंह, त्रिभुवन देव आदि ने सहयोग किया।

**न्यूज ब्रीफ**

### आग की घटनाओं से बचने के दिए सुझाव

**महोबा।** गर्मी को देखते हुए डीएम गजल भारद्वाज ने शहरी और ग्रामीण क्षेत्र में होने वाली अग्निकांड की घटना को लेकर उनसे बचाव के सुझाव दिए हैं, जिससे अग्निकांड की घटनाओं से बचा जा सके। खेतों में फसल कटान के बाद अवशेष न जलाए जाने के किसानों को निर्देश भी दिए हैं। कहा खड़ी फसल के पास खाना न बनाए और न ही खेतों में बीडी सिगरेट प्रयोग करें। अधजली बीड़ी, सिगरेट और जलती हुई माचिस की तीली इधर उधर न फेंके। खाना बनाते समय ढीले सूती कपड़ों का प्रयोग करें, पॉलिस्टर और टेरिकॉट के कपड़े न पहने। किचन में खाना बनाते समय हमेशा पानी से भरी बल्टी अपने पास रखें। खाना बनाने के बाद रेग्युलेटर को ठीक तरह से बंद करें, रसोई में ज्वालन पदार्थ न रखे। चूल्हे की चिंगारी कूड़े के ढेर में न डाले, माचिस और एसिड बच्चों की पहुंच से दूर रखें। सार्वजनिक स्थलों, ट्रेनों और बसों में ज्वलनशील पदार्थ लेकर सफर न करें। यदि कपड़ों में आग लग जाए तो स्टॉप, ड्रॉप एंड रोल करें, कभी भी आग के सामने खड़े न हों। किसी भी कारण से जलती हुई इमारत में दोबारा न जाए, सीढ़ियों और गलियारों को अव्यवस्थित न करें। क्षेत्र में आग लगाने की घटना होने पर दमकल विभाग को सूचना दें।

### फर्जी तरीके से बेचा अधबना मकान

**महोबा।** दूसरे के नाम के आधारकार्ड में एडिटिंग करके अपनी फोटो लगाकर फर्जी आधारकार्ड के जरिए एक युवक ने महिला के नाम एक मकान का रजिस्टर्ड बैनामा कर दिया। रजिस्ट्रार के सामने दी गई चेक बैंक तीन दिन तक बंद रहने की बात कहकर चेक वापस करके नकद धनराशि भी क्रेता से लेकर चंपत हो गया। बाद में अधबने मकान में पहुंचने पर असली मकान मालिक ने उसे अपने मूल कागजात दिखाकर उसे घर से बाहर कर दिया। अब पीड़ित महिला अधिकारियों के चक्कर लगाकर न्याय की गुहार लगा रही है। शहर के मोहल्ला रामनगर निवासी सुमन साहू ने माधव प्रसाद के नाम एक मकान का विक्रयनामा नकली माधव प्रसाद से करा लिया। थोड़ी बहुत धनराशि नकद और शेष धनराशि की चेक माधव प्रसाद के नाम दी गई। नकली माधव प्रसाद ने तीन दिन बैंक बंद रहने का हवाला देते हुए चेक वापस करके क्रेता से करीब छह लाख रुपये नकद भी ले लिया। बाद में अधबने मकान में सुमन साहू के पहुंचने पर पड़ोसियों ने असली माधव प्रसाद को सूचना दी जो दिल्ली में रह रहा था। दो दिन बाद दिल्ली से लौटा और उसने माधव प्रसाद का आधारकार्ड मांगा, जो फर्जी निकला। उसने सुमन को घर से बाहर का रास्ता दिखा दिया। अब पीड़िता न्याय पाने के लिए डीएम एसपी कार्यालय के चक्कर काट रही है।

### सैयद आजम का उर्स आज

**महोबा।** हजरत सैयद आजम शेख बदौरीशाह रहतमत उल्ला अलैह का 17 अप्रैल को संदल और उर्स धूमधाम से मनाया जाएगा। कमेटी ने इसकी सारी तैयारियां पूरी कर ली है। बाद नमाज जुमा के बाद संदल और उर्स का एतिमाम किया गया है। मजार-ए-अकदस पर जोशो खरोस के साथ चादर चढाई जाएगी, इसके बाद सभी लोग फातिहा में शिरकत करेंगे और मन्नते मानेगे। उर्स में सभी लोगों को तबर्रुख वितरित किया जाएगा। सज्जाता नशीन ने अधिक से अधिक लोगों से उर्स में शिरकत करने की अपील की है।

# दो माह में दो हत्या, एसपी कार्यालय में प्रजापति समाज ने किया प्रदर्शन

## प्रजापति महासंघ ने एसपी को ज्ञापन देकर आरोपियों को गिरफ्तार करने की उठाई मांग

**कार्यालय संवाददाता, महोबा**


एसपी कार्यालय के बाहर प्रदर्शन करते प्रजापति समाज के लोग।

- **14 अप्रैल को पनवाड़ी के हैवतपुरा व मार्च में खन्ना के बन्नीपुरा में हुई थी**

**अमृत विचार।** जिले के थाना खन्ना व पनवाड़ी क्षेत्र में दो माह में प्रजापति समाज के दो व्यक्तियों की हत्या के विरोध में गुरुवार को अखिल भारतीय प्रजापति महासंघ के नेतृत्व में दर्जनों लोगों ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय में प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के बाद एसपी को ज्ञापन सौंपते हुए हत्याकांड की एसआईटी टीम से जांच करते हुए दोषियों को गिरफ्तार कर कड़ी कार्रवाई किए जाने की मांग उठाई।

एसपी को सौंपे गए ज्ञापन में बताया कि पिछले दो माह के भीतर जिले में प्रजापति समाज के दो लोगों की हत्या की गई है। पहली घटना 14 अप्रैल को पनवाड़ी थाना क्षेत्र के हैवतपुरा में हुई, जहां हरनारायण प्रजापति की हत्या कर दी गई। जबकि दूसरी घटना पिछले माह खन्ना थाना क्षेत्र के बन्नीपुरा में की गई, जहां रवि प्रजापति की हत्या हुई। अखिल भारतीय प्रजापति महासंघ के जिलाध्यक्ष राजेश कुमार प्रजापति ने कहा कि इन दोनों मामलों में पुलिस की धीमी कार्रवाई से प्रजापति समाज के लोगों में नाराजी है। कहा है कि पनवाड़ी हत्याकांड में पुलिस अभी तक वास्तविक दोषियों को पकड़ने में विफल रही है, जिससे समाज में असुरक्षा और भय का माहौल है।

मृतक हरनारायण प्रजापित के परिजनों ने आरोप लगाया है कि हरनारायण को प्रताड़ित कर मारा गया और सबूत मिटाने के लिए उसे जलाने का प्रयास भी किया गया। ज्ञापन में मुख्य मांगों में दोनों हत्याकांडों की जांच किसी निष्पक्ष एजेंसी या विशेष जांच दल (एसआईटी) से कराना, पीड़ित परिवारों को तत्काल आर्थिक सहायता और सुरक्षा प्रदान करना और परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी देना शामिल है। चेतावनी दी कि यदि दोषियों पर कड़ी कार्रवाई नहीं हुई और फरार संदिग्धों को गिरफ्तार नहीं किया गया, तो वह बड़े आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। पुलिस अधीक्षक शशांक सिंह ने प्रदर्शनकारियों को आश्वासन दिया है कि टीमें गठित कर दी गई हैं और जल्द ही इन मामलों का खुलासा कर दोषियों को गिरफ्तार किया जाएगा।

# आधा दर्जन मोहल्लों में दो दिन से जल आपूर्ति ठप, ग्रामीण परेशान

**संवाददाता, बेलाताल**


हैंडपंप से पानी से पानी लेने को लाइन में लगी महिलाएं। अमृत विचार

**अमृत विचार।** गर्मी का मौसम आते ही जिले में पेयजल समस्या बढ़ने लगी है। विकासखंड जैतपुर के ग्रामीण अंचलों में नमामि गंगे योजना के तहत सप्ताह में मात्र दो बार ही पानी की सप्लाई हो रही है, जिससे यहां के निवासियों को पानी के लिए भारी मशक्कत करनी पड़ रही है, बावजूद इसके योजना के अधिकारी जलापूर्ति की तरफ कोई खास ध्यान नहीं दे रहे हैं। पिछले दो दिनों से पानी की सप्लाई न होने से ग्रामीण पानी के लिए भटक रहे हैं।

कस्बे के खंदियापुरा निवासी नंदकिशोर रैकवार, घासीराम, शिवचरन, भारत सिंह, गणेश सिंह आदि ग्रामीणों का कहना है कि कस्बा जैतपुर में नमामि गंगे योजना से की जाने वाली जलापूर्ति अधिकारियों की मनमानी से आए दिन बाधित हो रही है। सप्ताह में दो दिन भी जलापूर्ति नहीं की जा रही है। केंद्र सरकार ने घर-घर में जल पहुंचाने वाली योजना में विभागीय अधिकारी मनमानी करने में लगे हुए हैं। बताया कि बेला सागर तालाब में जल भंडारण क्षमता से अनुसार पर्याप्त पानी है, फिर भी सप्लाई सुचारु रूप से नहीं की जा रही है और कभी तकनीकी खराबी तो कभी पाइप लाइन लीकेज की बात कहकर जलापूर्ति बाधिक कर दी जाती है। घुसयानापुरा के गोविंददास यादव, भागीरथ यादव, शारदा बाबू, सतीश पटैरिया, देवेंद्र अहिरवार आदि का कहना है कि जलापूर्ति बाधित हो जाने से आधा किमी दूर स्थापित मीठे पानी देने वाले हैंडपंपों पर जाना पड़ता है। ग्रामीणों ने बताया कि क्षेत्र में जगह जगह पाइप लाइन लीकेज होने से भी जलापूर्ति प्रभावित है। इस बारे कई बार जल निगम कार्यालय पहुंचकर जेई से को अवगत कराया, लेकिन तकनीकी खराबी बताकर समस्या को गंभीरता से नहीं लिया। पाइप लाइन की लीकेज सही कराने के लिए क्षेत्र में कार्य की व्यस्तता बताकर समय निकालकर सही कराने का हर बार आश्वासन दिया। दो दिनों से घुसयाना, खंदियापुरा, व्यासपुरा, जुगयाना सहित आधा दर्जन मोहल्लों में जलापूर्ति ठप है, जिससे पेयजल की समस्या बढ़ती जा रही है।

# तालाब में नहा रहे किशोर की पानी में डूबने से चली गई जान

**कार्यालय संवाददाता, महोबा**


जिला अस्पताल में लगी लोगों की भीड़। अमृत विचार

**अमृत विचार।** शहर के मदन सागर तालाब में नहाते समय 15 वर्षीय किशोर गहरे पानी में चला गया, जिससे वह तालाब में डूब गया। काफी मशक्कत के बाद कुछ लोगों ने उसे बाहर निकाला। सूचना मिलने पर परिजन किशोर को जिला अस्पताल ले गए जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इकलौते बेटे की मौत से माता-पिता का रो-रोकर बुरा हाल है। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच-पड़ताल शुरू की।

शहर के मोहल्ला टिकरीपुरा निवासी जगदीश रैकवार का पुत्र नानू (15) परिजनों को बिना बताए अकेले ही मदन सागर तालाब घूमने चला गया। नानू जब तालाब पहुंचा तो गर्मी से राहत पाने के लिए वह नहाने लगा। नहाते हुए वह गहरे पानी में चला गया, जिससे वह तालाब के पानी में डूब गया। कुछ देर बाद आसपास नहा रहे लोगों ने किशोर के न दिखने पर तालाब में छलांग लगाकर उसे ढूढंने का प्रयास किया और कड़ी मशक्कत के बाद उसे बाहर निकालकर परिजनों को सूचना दी। उधर काफी देर तक नानू के न आने पर परिजन उसकी खोजबीन करने के लिए लोगों से पूछताछ कर रहे थे, तभी उन्हें कुछ लोगों ने घटना की जानकारी दी।

परिजन आनन-फानन में तालाब पहुंचे और नानू को जिला अस्पताल ले गए, लेकिन जब तक बहुत देर हो चुकी थी। इमरजेंसी वार्ड में तैनान डॉ. सीएस राजपूत ने उसका डाक्टरी परीक्षण करते हुए उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक के चाचा सुनील कुमार रैकवार ने बताया कि नानू घर का इकलौता चिराग था, जिसके जाने से माता-पिता के अलावा अन्य परिजन पूरी तरह टूट गए है। उनका रो-रोकर बुरा हाल है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर उसे पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी भेज दिया है।

### किसानों से लिया जा रहा कमीशन खत्म हो

**महोबा।** भारतीय किसान संघ के जिलाध्यक्ष शिवरतन सिंह के नेतृत्व में किसानों ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में किसानों की समस्याओं को देखते हुए गल्ला मंडियों में बयाई खत्म करने और स्वयं माल बेचने की मांग की है।

ज्ञापन में बताया गया कि किसान गल्ला मंडी में माल लाने के बाद पानी पिलाई, सफाई, बोरे की तुलाई के एवज में एक प्रतिशत कमीशन लिया जा रहा है। बताया कि किसान अपना माल बेचने के बाद भी यह पता नहीं लगा पाता कि उनका माल किस रेट में बिका है। ज्ञापन में किसानों की समस्या को देखते हुए गल्ला मंडी में लिए जा रहे कमीशन को समाप्त कर फसल का रेट आदि की जानकारी किसान को दिए जाने की मांग की है। ज्ञापन देने वालों में भानसिंह, देवीदीन, राधेश्याम तिवारी आदि लोग शामिल हैं।

www.amritvichar.com पर भी खबरें पढ़ें


स्मार्ट क्लस का निरीक्षण करतीं डीएम गजल भारद्वाज। अमृत विचार

# जिलाधिकारी ने स्मार्ट लाइब्रेरी व जूनियर स्कूल का किया निरीक्षण

**महोबा।** डीएम गजल भारद्वाज ने गुरुवार को राठ रोड स्थित स्मार्ट लाइब्रेरी और कन्या उच्च प्राथमिक विद्यालय नैकाना कम्पोजिट का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने लाइब्रेरी में स्थापित डिजिटल बुक मैनेजमेंट सिस्टम, ई-लर्निंग कार्नर, हाई स्पीड इंटरनेट, स्मार्ट टेबल, पंखे, एसी, आरो वॉटर, फर्नीचर, स्वचालित पुस्तक व्यवस्था तथा सीसीटीवी निगरानी तंत्र का भी अवलोकन किया।

जिलाधिकारी ने लाइब्रेरी की साफ सफाई, प्रकाश व्यवस्था के साथ पाठकों के लिए बनाए गए अध्ययन कक्षों की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि यह लाइब्रेरी आधुनिक तकनीक से सुसज्जित है, जिससे छात्रों, प्रतियोगी परीक्षार्थियों व शोधकर्ताओं को एक ही स्थान पर गुणवत्तापूर्ण अध्ययन संसाधन उपलब्ध होंगे। जिलाधिकारी ने कन्या उच्च प्राथमिक विद्यालय नैकाना कम्पोजिट में संचालित स्मार्ट क्लास रूम में संचालित की गई व्यवस्था का निरीक्षण किया। उपलब्ध डिजिटल संसाधनों, स्मार्ट पैनल, ई-लर्निंग सामग्री के अलावा शिक्षकों द्वारा अपनाई जा रही शिक्षण पद्धतियों को बारीकी से समझा।

### 30 अप्रैल से पूर्व किसान कराएं फार्मर रजिस्ट्री

**महोबा।** उप कृषि निदेशक रामसजीवन ने बताया कि शासन के निर्देश पर फार्मर रजिस्ट्री बनाने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। जिले के सभी किसान 30 अप्रैल से पूर्व फार्मर रजिस्ट्री कराकर सरकारी योजनाओं का लाभ उठाएं।

उप कृषि निदेशक ने बताया कि न्यूनतम समर्थन मूल्य की जाने वाली खरीद अब उन्हीं किसानों से खरीदी जाएगी, जिनके पास किसान पहचान पत्र या फार्मर आईडी होगी। बताया कि जिले में 41 गेहूं खरीद केंद्र खोले गए हैं, इन खरीद केंद्रों में पंचायत विभाग के पंचायत सहायक, कृषि विभाग के एटीएम, बीटीएम, प्राविधिक सहायक और राजस्व विभाग के लोखपालों की ड्यूटी फार्मर रजिस्ट्री बनवाए जाने के लिए लगाई गई है और यह सभी लोग विक्रय केंद्रों में उपस्थित रहकर किसानों की फार्मर आई बनवाए जाने में सहयोग करेंगे, जिससे किसान को क्रय केंद्रों पर गेहूं विक्रय करने में असुविधा का सामना न करना पड़े।

# भगवत गीता में मनुष्य के जीवन का सर्वाधिक महत्वपूर्ण सार समाहित

**संवाददाता, कुलपहाड़**


भंडारे का प्रसाद लेते लोग। अमृत विचार

**अमृत विचार।** नगर के मां बाघ बिराजन धाम के वैभवशाली ऑडिटोरियम में चल रही भागवत कथा के अंतिम दिन वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ यज्ञशाला में पूर्ण आहुति देकर सम्पन्न हुआ। कथा व्यास ने कथा में भागवत कथा से जीवन में मिलने वाले प्रतिफल व महत्व से श्रद्धालुओं को अवगत कराया।

उन्होंने गीता का महत्व समझाते हुए कहा कि भगवत गीता में मनुष्य के जीवन का सर्वाधिक महत्वपूर्ण सार समाहित है। श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान का वह भंडार है जो आत्मा का परमात्मा से साक्षात्कार करवाकर उसके बैकुंठ ले जाने का मार्ग का प्रशस्त करती है। अंत में आयोजक मंडल ने कन्याभोज व प्रसाद वितरण किया, जिसमें भारी संख्या ने पहुंचे श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर कार्यक्रम आयोजन पंडित अशोक सुल्लेरे, भोला यादव, नरेंद्र दुबे आदि रहे।

# नवोदय विद्यालय की श्रद्धा को मिले 97.20 प्रतिशत अंक

**कार्यालय संवाददाता, महोबा**


श्रद्धा गुप्ता।


खुशी गुप्ता।


अनन्या सिंह।


वैष्णवी राजपूत।


श्रद्धा त्रिपाठी।


आयुष्मान अग्रवाल।


आस्था शर्मा।


जोया।


आराध्या श्रीवास्तव।

**अमृत विचार।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा परिषद (सीबीएसई) ने बुधवार शाम हाईस्कूल परीक्षा का परिणाम घोषित कर दिया। जवाहर नवोदय विद्यालय की छात्रा श्रद्धा गुप्ता ने 97.20 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिले में टॉप किया है। जबकि सीबीएसई हाईस्कूल परीक्षा में ज्ञानस्थलीय पब्लिक स्कूल, आरबीपीएस और संजरी इंटरनेशनल स्कूल के छात्र छात्राओं ने भी बाजी मारी। आरबीपीएस कुलपहाड़ की खुशी गुप्ता ने 95.6, वैष्णवी राजपूत 95.4, अनन्या सिंह ने 92.6 और श्रद्धा ने 89.6 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। छात्राओं ने बेहतर अंक प्राप्त करके स्कूल का नाम रोशन किया है। बच्चों की इस कामयाबी से माता पिता भी खासे गदगद हैं। संजरी इंटरनेशनल स्कूल महोबा के आयुष्मान अग्रवाल ने 94.7 प्रतिशत, आस्था शर्मा ने 93.7 प्रतिशत, जोया ने 90.8 प्रतिशत और आराध्या श्रीवास्तव ने 90.2 प्रतिशत अंक प्राप्त करके स्कूल और जिले का नाम रोशन किया है। माध्यमिक शिक्ष परिषद में हाईस्कूल की टापर श्रद्धा गुप्ता का कहना है कि उसका इंजीनियर बनने का सपना है। टॉपर ने सभी विषयों की नियमित पढ़ाई की और विद्यालय के अलावा छात्रावास में भी कठिन परिश्रम किया। शहर के संत जोसफ्स स्कूल की छात्रा प्रज्ञा पाराशर ने 96.80 प्रतिशत अंक हासिल किए, जबकि रामजी गुप्ता ने 96.60 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। कुलपहाड़ तहसील के कस्बा बेलाताल निवासी किराना व्यापारी धर्मेंद्र गुप्ता की बेटी श्रद्धा गुप्ता ने अपनी कड़ी मेहनत से यह उपलब्धि हासिल की है।

**उपलब्धि** | **फाउंटेन हेड स्कूल के मेधावियों का हुआ सम्मान, खिले चेहरे**

# शिवनीश ने 92 .8 फीसद अंक पाकर बढ़ाया मान

**संवाददाता, उरई**


शिक्षकों के साथ मेधावी विद्यार्थी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** फाउंटेन हेड पब्लिक स्कूल में सीबीएससी हाईस्कूल परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं के लिए एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। विद्यालय के प्रबंधक हाकिम सिंह ने मेधावियों को सम्मानित कर उनके उज्वल भविष्य की कामना की। सीबीएससी बोर्ड के परीक्षा परिणामों में विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने अपनी मेहनत का लोहा मनवाया है।

फाउंटेन हेड पब्लिक स्कूल के शिवनीश ने 92.8 फीसद अंक, भूमि यादव ने 90.60 फीसद अंक, बलवीर ने 88.2 फीसद अंक, कनिष्का ने 85.2 फीसद अंक, कार्तिक ने 80.20 फीसद अंक पाकर स्कूल का नाम रोशन किया है। प्रबंधक ने बच्चों को सम्मानित करके बच्चों का उत्साह बढ़ाया है। समारोह के दौरान विद्यालय के प्रबंधक हाकिम सिंह ने सफल छात्र-छात्राओं को बधाई देते हुए कहा कि यह सफलता बच्चों की लगन, शिक्षकों के सही मार्गदर्शन और अभिभावकों के अटूट विश्वास का परिणाम है। इस खुशी के मौके पर शिक्षकों ने बच्चों का मुंह मीठा कराया और उन्हें आशीर्वाद दिया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से हृदेश, विवेकानंद, शिवम, प्रदीप याज्ञिक, जसवन्त सिंह मौजूद रहे। वहीं महिला शिक्षिकाओं में प्रीति, शिवानी, पूजा, कामिनी और स्नेहा ने भी बच्चों के प्रयासों की सराहना की और उन्हें भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार रहने के टिप्स दिए।

### शिक्षा के साथ संस्कार भी जरूरी : एसडीएम

**कालपी।** मां गायत्री विद्या मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में वार्षिक परीक्षाफल वितरण समारोह हुआ। इस दौरान एसडीएम ने बच्चों को मन लगाकर पढ़ाई करने के साथ संस्कारवान बनने की भी नसीहत दी। परीक्षा फल वितरण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे उप जिलाधिकारी मनोज कुमार सिंह ने कहा कि आजकल की आधुनिकता की दौड़ में गायत्री परिवार द्वारा संचालित विद्यालयों में संस्कारवान बच्चे बनाए जाने की मुहिम अपने आप में एक मिशाल हैं। कार्यक्रम में मौजूद नगर पालिका परिषद अध्यक्ष अरविंद यादव ने भी विचार व्यक्त किए। इस दौरान एड. सतीश निषाद, जेबी सिंह, डॉ. आफताब खान आदि रहे।

### सरकार का गलत फैसला है यूजीसी

**कालपी।** अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पं राजेन्द्र नाथ त्रिपाठी बुधवार को नगर आए। उन्होंने महाकाल के दर्शन किए। महासभा के जिलाध्यक्ष राजू पाठक की अगुवाई में बड़ी संख्या में ब्राह्मण समुदाय के लोगों ने उनका स्वागत किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि एससीएसटी एक्ट के दुरुपयोग से आम जनता पहले से ही परेशान थी और अब सरकार ने यूजीसी के नये नियम बनाए हैं। फैसला सुप्रीम अदालत में है पर समाज को बांटने वाले दोनों कानूनों का महासभा विरोध कर रही है। सरकारों ने इस मामले में कोई उचित निर्णय नहीं लिया तो शीघ्र ही देश भर के ब्राह्मण तथा सामान्य वर्ग के अन्य संगठन एकजुट होकर इसके खिलाफ आन्दोलन करेंगे। समाज और सामान्य वर्ग के लोगों से इस सम्बन्ध में एकजुटता बनाए रखने की अपील की। कहस भविष्य के लिए उन्हें संघर्ष करना ही होगा।

# 8 माह से मानदेय न मिलने से रोजगार सेवक परेशान

**संवाददाता, कालपी**

**अमृत विचार।** 8 माह से मानदेय न मिलने से रोजगार सेवक व मनरेगा कर्मी खफा है। गुरुवार से वह अब 10 दिनों तक कोई काम नहीं करेंगे। इसका उन्होंने ज्ञापन बीडीओ को सौंपा। विदित हो कि ग्राम पंचायतों तथा क्षेत्र पंचायत में ज्यादातर विकास कार्य मनरेगा (बीवी जीरामजी) के माध्यम से होते हैं, साथ ही ग्रामीण लोगों को रोजगार भी मिलता है, जिसके चलते इस योजना के संचालन के लिए ग्राम पंचायत स्तर रोजगार सेवक तथा ब्लॉक स्तर पर भी मनरेगा कर्मियों की तैनाती की गई है लेकिन विगत 8 माह से उन्हें शासन द्वारा निर्धारित मानदेय भी नहीं मिला है जिससे वह परेशान हैं और इसके लिए वह कई बार उपायुक्त मनरेगा से मिलकर अपनी पीड़ा बता चुके हैं पर समस्या का हल नहीं हुआ। इसी के चलते गुरुवार को ब्लॉक अध्यक्ष दलवीर सिंह की अगुवाई में रोजगार सेवकों एवं मनरेगा कर्मचारियों ने बैठक कर 25 अप्रैल तक कलम बन्द हड़ताल करने का फैसला लिया है। इसकी लिखित जानकारी उन्होंने खण्ड विकास अधिकारी अरूण सिंह के माध्यम से आला अफसरों को भेजा है। रोजगार सेवकों की माने तो 8 माह से वह बिना मानदेय के काम कर रहे थे लेकिन अब उनके परिवार भुखमरी की कगार पर हैं। कहा कि 10 दिनों में उनकी समस्या का हल नहीं हुआ तो वह संघ के अगले निर्देश पर धरना प्रदर्शन भी कर सकते हैं। इस मौके पर गजेंद्र सिंह, धनीराम, अभिषेक कुमार, शिल्पी, उमेश, रामनिवास, वीरेंद्र सिंह समेत सभी मनरेगा कार्मिक मौजूद रहे।

### गति नहीं पकड़ रही गेहूं की खरीद

**कालपी।** सहकारी गेहूं की खरीद गति नहीं पकड़ पा रही है। बारदाना न होने से विगत एक पखवाड़े में पीसीएफ केन्द्र पर महज 500 क्विंटल खरीद हो सकी है तो विपणन शाखा में यह आंकडा 3000 को छू गया है। शासन ने गत 30 मार्च को एमएसपी पर गेहूं की खरीद के लिए क्रय केन्द्रों की शुरुआत की थी जिसमें मण्डी परिसर में विपणन शाखा और पीसीएफ को गेहूं खरीद की जिम्मेदारी मिली है इसके अलावा छौंक स्थित सहकारी संघ को भी किसानों से समर्थन मूल्य 2585 रुपये में खरीद करनी थी लेकिन इस बार क्रय केन्द्रों पर वारदाना की कमी सामने आई है। आलम यह है कि गत 15 दिनों पीसीएफ को महज 1000 बोरी मिली है जिससे 500 क्विंटल गेहूं खरीदा जा सका है। केन्द्र प्रभारी धनीराम कुशवाहा के मुताबिक महज दो दिनों ही तौल हो सकी है और अब वह वारदाना आने का इन्तजार कर रहे हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### शराब समेत आरोपी गिरफ्तार

**मानिकपुर (चित्रकूट)।** चौकी प्रभारी सरैया वंशनारायण सिंह ने रामसवारे पुत्र भागीरथ निवासी लौढ़िया माफी थाना रैपुरा को 21 पाउच देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया। आरोपी पर अभियोग पंजीकृत किया गया।

### कोतवाली पुलिस ने वारंटी को पकड़ा

**चित्रकूट।** कोतवाली के एसआई राजेश कुमार ने वारंटी को पकड़ा। पुलिस ने राजाराम सोनी पुत्र स्व. जगमोहन निवासी शंकरगंज को गिरफ्तार किया।

### विकास के लिए प्रथम किस्त अवमुक्त

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी पुलकित गर्ग ने बताया कि वंदन योजना के अंतर्गत नगर पंचायत राजापुर क्षेत्र के मंदिरों में सुविधाओं के लिए स्वीकृत 187 .20 लाख रुपये के सापेक्ष प्रथम किस्त 50 लाख रुपये अवमुक्त किए गए हैं। इन कार्यों के लिए नगर पंचायत को नामित किया गया है। इसे निर्देश दिए गए हैं कि काम शीघ्र प्रारंभ कराएं।

### कार्यालय में मिली गंदगी

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी पुलकित गर्ग ने गुरुवार को वित्त एवं लेखाधिकारी (बेसिक) तथा बीईओ नगर क्षेत्र कार्यालय का निरीक्षण किया। इस दौरान विद्यालय परिसर में सफाई का अभाव पाया गया। शौचालय की पानी की टंकी से जल का अनावश्यक रिसाव हो रहा था। डीएम ने विद्यालय में इन्वर्टर एवं सोलर सिस्टम स्थापित करने के निर्देश भी दिए। नगर शिक्षाधिकारी कार्यालय में भी सफाई एवं मेंटीनेंस का अभाव पाया गया। डीएम ने अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देशित किया कि समय से कार्यालय में उपस्थित हों।

### ग्राम रोजगार सेवकों ने दी हड़ताल की चेतावनी

**इटावा।** ब्लॉक क्षेत्र की विभिन्न ग्राम पंचायतों में तैनात ग्राम रोजगार सेवकों ने महेवा विकास खण्ड परिसर में अपनी मांगों को लेकर खण्ड विकास अधिकारी महेवा बृज बिहारी त्रिपाठी को ज्ञापन सौंपा है। उन्होंने मुख्यमंत्री की घोषणा के बावजूद नियमितीकरण और मानदेय वृद्धि न होने पर कलमबंद हड़ताल की चेतावनी दी है। गुरुवार को विकास खंड सभागार में एकत्र हुए दर्जनों रोजगार सेवकों ने राज्य सरकार पर वादाखिलाफी का आरोप लगाया। उन्होंने बीडीओ बृज बिहारी त्रिपाठी को ज्ञापन सौंपते हुए बताया कि अक्टूबर 2021 में लखनऊ में आयोजित सम्मेलन में मुख्यमंत्री योगी ने रोजगार सेवकों के लिए एचआर पॉलिसी लागू करने और मानदेय बढ़ाने की घोषणा की थी। इस घोषणा पर अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है।

# खड़े हाइवा ट्रक से टकराया दूसरा हाइवा, दोनों चालकों की गई जान

## पहाड़ी-राजापुर मार्ग पर गुरुवार तड़के हुआ दर्दनाक हादसा

संवाददाता, पहाड़ी चित्रकूट



हाइवा ट्रकों की भिड़ंत में गई चालकों की जान। अमृत विचार

**अमृत विचार।** पहाड़ी-राजापुर मार्ग पर गुरुवार तड़के हुए सड़क हादसे में दो चालकों की मौत हो गई। हादसा उस समय हुआ, जब सड़क पर खड़े हाइवा ट्रक से दूसरा हाइवा भिड़ गया। पुलिस ने वाहनों को किनारे कराकर आवागमन सुचारु कराया।

जानकारी के अनुसार, गुरुवार की सुबह लगभग चार बजे नेशनल हाईवे 731ए पहाड़ी-राजापुर मार्ग पर साईंधाम मंदिर के पास यह हादसा हुआ। एक हाइवा के क्लीनर ने बताया कि वह चालक रामलखन (35) निवासी जिला प्रयागराज के साथ भरतकूप से गिट्टी लादकर बिहार जा रहा था। कस्बा पहाड़ी से निकलकर वे लोग राजापुर मार्ग स्थित साई धाम मंदिर के थोड़ा आगे पहुंचे थे। तभी वाहन की चाल में फर्क आने पर रामलखन ने हाइवा रोका और टायरों में फंसी गिट्टी निकालने लगा। इसी दौरान पहाड़ी की ओर से आ रहे तेज रफ्तार हाइवा ने पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। इससे रामलखन पहिये के नीचे दब गया। दूसरे ट्रक का अगला भाग भी पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और इसका चालक राघवेंद्र (45) निवासी जनपद हमीरपुर भी गंभीर रूप से घायल हो गया। दुर्घटना की सूचना पर थानाध्यक्ष प्रवीण कुमार सिंह, सब इंस्पेक्टर संजय कुमार सिंह, सुरेश प्रताप सिंह पुलिसकर्मियों के साथ मौके पर पहुंचे और दोनों चालकों को एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां देखते ही डाक्टरों ने दोनों चालकों को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। हादसे के बाद आवागमन बाधित हो गया। पुलिस ने वाहनों को किनारे कराकर आवागमन सुचारु कराया।

**गेट और कांच तोड़कर निकाला गया चालक**

हादसे में दूसरे हाईवा का चालक राघवेंद्र वाहन का अगला हिस्सा पूरी तरह से क्षतिग्रस्त होने से अंदर फंस गया था। पुलिस ने उसे निकालने की कोशिश की पर नाकाम रही। वाहन का कांच और दरवाजा तोड़कर किसी तरह उसे निकाला गया। बुरी तरह से घायल वाहन चालक को अस्पताल ले जाया गया पर उसे बचाया नहीं जा सका। दूसरे वाहन का चालक भी टायर के नीचे आने से गंभीर घायल हो गया था, उसकी भी दर्दनाक मौत हो गई।

### बाइक गड्ढे में गिरने से जीजा की मौत, दो साले घायल

**पहाड़ी (चित्रकूट)।** बूढ़ा सेमरवार गांव के पास बाइक अनियंत्रित होकर गिरने से एक युवक की मौत हो गई। दो सवारों को मामूली चोट आई। जानकारी के अनुसार, बुधवार रात लगभग साढ़े नौ बजे शिवसागर (27) पुत्र रामनाथ भारती निवासी भीमपुर कालोनी कैलहा थाना बहिलपुरवा ससुराल आनंदपुर गया था। परिजनों ने बताया कि शिवसागर रात में अपने साले सरवन पुत्र विरंजन और संजय पुत्र राजेश के साथ बाजार सामान लेने जा रहा था। बूढ़ा सेमरवार के पास तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित हो गई और रोड किनारे गड्ढे में जा गिरी। तीनों लोग घायल हो गए। इनको सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां से गंभीर अवस्था में शिवसागर को जिला अस्पताल रिफर किया गया। इलाज के दौरान शिवसागर की मौत हो गई।



शिवसागर।

## छात्र ने लगाए डांटने के आरोप, डीएम से शिकायत

**चित्रकूट।** कालेज में बढ़ी फीस की शिकायत को लेकर कलेक्ट्रेट पहुंचे छात्रों ने डीएम से शिकायत की है।

सोमवार को चित्रकूट इंटर कालेज के विद्यार्थी कालेज में बढ़ी फीस की शिकायत लेकर कलेक्ट्रेट पहुंचे थे। छात्रों के मुताबिक, वे 11 बजे अपनी समस्या लेकर पहुंचे थे लेकिन वहां मौजूद अधिकारी से उन्होंने अपनी बात बताई। छात्र उमेश का आरोप है कि उनकी शिकायत सुनने के बजाय संबंधित अधिकारी ने उसे डांट कर कहा कि जितनी फीस है जमा करो। । मामला यहीं नहीं रुका। छात्रों ने आरोप लगाया कि उनसे अभिभावक शुल्क के नाम पर हर छह महीने में अतिरिक्त वसूली की जा रही है और फीस जमा करने के बाद रसीद भी नहीं दी जाती। बताया जाता है कि जिलाधिकारी पुलकित गर्ग के न मिलने पर सीडीओ देवी प्रसाद पाल से शिकायत की गई थी। ऐसे में माना जा रहा है कि छात्र ने इन पर ही डांटने का आरोप लगाया है। इस संबंध में छात्रों द्वारा डीएम के सरकारी नंबर पर की गई शिकायत का स्क्रीनशॉट भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। (हालांकि 'अमृत विचार' इसकी पुष्टि नहीं करता।) हालांकि, सीडीओ डीपी पाल ने इन आरोपों को नकारते हुए कहा कि छात्रों को केवल सरकारी निर्धारित फीस जमा करने की सलाह दी गई थी की अभद्रता नहीं की गई।

# जिले के कई ग्रामीण इलाकों में बस संचालन को मंजूरी

कार्यालय संवाददाता चित्रकूट

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी पुलकित गर्ग की अध्यक्षता में गठित समिति ने मुख्यमंत्री ग्राम परिवहन योजना के तहत कई रूटों पर बसों के संचालन की अनुमति दी है।

जिले में 13 आवेदन प्राप्त हुए। इन स्वीकृत मार्गों में सीतापुर माफी, शिवरामपुर, भैसौंधा, कादरगंज, गढ़ीघाट, सांईपुर, कौहारी चौराहा, बांदा ओरन रोड, परसौंजा, रेहुटा, बनकट मार्ग जिसकी दूरी 54 किमी है। ब्लाक कर्वी, कोटा कदैला, बितासा रिबर, चुरेह-केशरुआ, मानिकपुर, सरैया, हनुआ, बराछी, बांधी, मऊ तक की दूरी 71 किमी है। ब्लाक मानिकपुर, रामनगर एवं मऊ के अंतर्गत, चित्रकूट, सेमरवार, राजापुर, सिकरी मऊ, पूरबपताई तक बस संचालन होगा। इस रूट की दूरी 101 किमी है। ब्लाक पहाडी, मऊ, रामनगर, पहाड़ी, एवं कर्वी के अंतर्गत, चित्रकूट, पहाड़ी, सेमरवार, गनीवा, प्रसिद्धपुर, राजापुर, कनकोटा बांगर, भदेहदू बांगर, खोपाबांगर, नैनी बांगर, चिल्लीमल बांगर तक रूट बनाया गया है। इसकी दूरी 82 किमी है।

ब्लाक पहाडी एवं कर्वी के अंतर्गत, चित्रकूट, मडैयन, रुख्मा बुजुर्ग, ददरी माफी, खरौंध, सरैया, मानिकपुर, बराह माफी, टिकरिया, जमुनिहाई, मनगवां, इटवा डुड़ैला के रूट की दूरी 102 किमी है। ब्लाक मानिकपुर एवं कर्वी के अंतर्गत, चित्रकूट, पहाड़ी, कुचारम, चौरा, ममसी बुजुर्ग, गडौली, वीरघुमाई सुर्की, चिल्लीमल बांगर तक बस चलेगी, रूट की दूरी 56 किमी है। इसके अलावा कर्वी, बाबूपुर, पहाड़ी, पहाड़ी बुजुर्ग, लोहदा, सुरसेन चौराहा, सुरसेन, बरद्वारा तक की रूट की दूरी 40 किमी है। कर्वी, मड़ैयन, ददरी माफी, खरौंध, सरैया, मानिकपुर, टिकरिया, जमुनिहाई, मनगवां, इटवा डुडैला के बीच चलने वाली बस की रूट की दूरी 102 किमी है। मानिकपुर एवं कर्वी के बीच जो बस चलेगी, वह भंभेट मुस्तकिल, तीरमऊ, बियावल मुस्तकिल, मऊ, पूरबपताई, परदवां मुस्तकिल तक जाएगी। इस रूट की दूरी 75 किमी है।

ब्लाक मऊ एवं रामनगर के बीच बस कोटा कदैला, बितासा रिबर, चुरेह-केशरुआ, मानिकपुर, सरैया, हनुआ, बराछी, बाँधी, मऊ मुस्तकिल तक चलेगी। इस रूट की दूरी 71 किमी है। ब्लाक मानिकपुर, रामनगर एवं मऊ के अंतर्गत चलने वाली बस चित्रकूटधाम, चित्रकूट, खोही, संग्रामपुर, मछरिहा, भरतकूप मंदिर, सभापुर, मानपुर तक चलेगी। कुल रूट 38 किमी का है। ब्लाक कर्वी के अंतर्गत ,चित्रकूट, बाबूपुर, पहाड़ी, पहाड़ी बुजुर्ग, औदहा, सुरसेन चौराहा, भदेहदू बांगर, अर्की, खोपा बांगर तक चलने वाली बस के रूट की दूरी 67 किमी है। डीएम ने बताया कि स्वीकृत मार्गों के संबंध में सूचना संबंधित वाहन स्वामियों को व्हाट्सएप ग्रुप में दे दी गई है।

# सेवानिवृत्त प्रधानाचार्यों को दी विदाई

कार्यालय संवाददाता चित्रकूट




सेवानिवृत्त होने वाले प्रधानाचार्यों के साथ राजकीय शिक्षक संघ के नवनिर्वाचित पदाधिकारी।

**अमृत विचार।** राजकीय माध्यमिक विद्यालयों में कार्यरत रहे चार प्रधानाचार्यों की सेवानिवृत्ति पर उनको विदाई दी गई। इस दौरान राजकीय शिक्षक संघ की जिला इकाई का पुनर्गठन भी किया गया। रामकेश को जिलाध्यक्ष चुना गया।

कमला साहू (राजकीय हाई स्कूल भरतकूप), रामेश्वर प्रसाद पांडेय (राजकीय हाईस्कूल इटवां डुडैला), विश्वनाथ पांडेय (राजकीय इंटर कालेज, असोह) एवं मो. यूनुस (राजकीय इंटर कालेज, बरगढ़) की सेवानिवृत्ति पर बुधवार को राजकीय शिक्षक संघ चित्रकूट के तत्वावधान में राजकीय बालिका इंटर कालेज कर्वी में सेवा सम्मान समारोह एवं शैक्षिक उन्नयन संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इसमें जिला विद्यालय निरीक्षक रविशंकर के साथ प्रधानाचार्य भैरों प्रसाद, शारदा प्रसाद गुप्ता, ओमप्रकाश यादव, शशिकला और पार्वती देवी ने उनको शुभकामनाएं दीं। संचालन डा. प्रदीप शुक्ल ने किया। डॉ. सनत कुमार द्विवेदी और शिक्षकों ने शिक्षा में गुणात्मक सुधार संबंधी सुझाव साझा किए। इस दौरान राजकीय शिक्षक संघ की जिला कार्यकारिणी का पुनर्गठन किया गया। सर्वसम्मति से रामकेश कुशवाहा को जिलाध्यक्ष और डा. प्रदीप शुक्ल को महामंत्री चुना गया।

- **राजकीय शिक्षक संघ की जिला इकाई का पुनर्गठन**

## युवक ने ट्रेन से कटकर जान दी

**चित्रकूट।** कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत संतोषी माता मंदिर के पास ट्रेन से कटकर एक युवक ने आत्महत्या कर ली। जानकारी के अनुसार, गुरुवार की सुबह लगभग नौ बजे 20 वर्षीय युवक यश रैकवार पुत्र राजकुमार ने ट्रेन के आगे कूदकर जान दे दी। परिजनों ने बताया कि यश गुरुवार की सुबह बिना बताए चला गया था। काफी देर तक वापस नहीं लौटा तो खोजबीन शुरू की गई। यश के दोस्तों ने फोन पर यश के ट्रेन से कटकर आत्महत्या करने की जानकारी दी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। आत्महत्या की वजह नहीं पता चल सकी।



यश।

# मंडौर से हटी शराब की दुकान

संवाददाता, मऊ चित्रकूट

**अमृत विचार।** ग्राम पंचायत मंडौर में प्रस्तावित शराब की दुकान को लेकर उठे विवाद के बाद अब प्रशासनिक स्तर पर दुकान को वहां से स्थानांतरित कर दिया गया है। इस संबंध में 'अमृत विचार' ने मंगलवार के अंक में प्रमुखता से खबर प्रकाशित की थी।

प्रशासन के विश्वसनीय सूत्रों के अनुसार, मंडौर की शराब की दुकान को बंबुरा गांव में स्थानांतरित किया जा सकता है। बताया जा रहा है कि मंडौर में ग्रामीणों के विरोध और इस मुद्दे के प्रमुखता से सामने आने के बाद यह निर्णय लिया गया। सूत्रों के अनुसार, बंबुरा के कुछ ग्रामीण इस मुद्दे पर खुलकर सामने आने की तैयारी में हैं। कई लोग अभी दबाव के चलते खुलकर विरोध नहीं कर पा रहे हैं। ग्रामीणों में आशंका है कि शराब की दुकान खुलने से क्षेत्र में शांति व्यवस्था और सामाजिक संतुलन प्रभावित हो सकता है। वहीं, प्रशासनिक स्तर पर अभी इस संबंध में कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है। मंडौर गांव के समाजसेवी मंटू त्रिपाठी और अन्य ग्रामीणों ने गांव की इस प्रमुख समस्या पर खबर प्रकाशित करने के लिए 'अमृत विचार' का धन्यवाद दिया है।


शराब की दुकान के विरोध में जुटे ग्रामीण

'अमृत विचार' में मंगलवार को प्रकाशित समाचार।


**यू0पी0 प्रोजेक्ट्स कारपोरेशन लि0**

कार्यालय महाप्रबन्धक, जोन–5, बाँया तट, गोमती बैराज, गोमती नगर, लखनऊ–226010

ई–मेल:- gmzone5@gmail.com & gm_5@upprojects.org

**अल्पकालीन ई–निविदा सूचना**

स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय ललितपुर के अधीन संचालित पुराने चिकित्सालय में टाइप–1 आवासों की मरम्मत/जीर्णोद्धार का कार्य हेतु इस कार्यालय की ई–निविदा सूचना सं० 04/UPPCL/GM-5/E-TENDER/2026-27 दिनांक 15.04.2026 द्वारा ई–निविदा आमंत्रित की जाती है। उक्त निविदा **http://etender.up.nic.in** की वेबसाइट पर दिनांक 23.04.2026 से दिनांक 28.04.2026 के अपराह्न 15:00 बजे तक डाउनलोड/अपलोड की जा सकती है। टेक्निकल बिड उसी दिन अपराह्न 16:00 बजे अधोहस्ताक्षरी के उपरोक्त कार्यालय में खोली जानी प्रस्तावित है। ई–निविदा से सम्बन्धित अन्य विवरण, नियम एवं शर्ते कारपोरेशन की वेबसाइट **https://upprojects.upsdc.gov.in** पर देखी जा सकती है।

पत्रांक: 23/पी.सी.एल./महा0प्र0/जोन–5/ई निविदा–04 दिनांक : 16.04.2026

"राष्ट्रहित में बिजली बचायें"




आग बुझाने का प्रयास करते ग्रामीण। अमृत विचार

### आग से दो घर राख, सात माह की मासूम की मौत

**चित्रकूट।** गुरुवार दोपहर भरतकूप थाना क्षेत्र के भोला का पुरवा गांव में लगी भीषण आग में एक सात माह की मासूम बच्ची की जलकर मौत हो गई। दो घर और उनमें रखा सामान पूरी तरह राख हो गया। जानकारी के अनुसार, गांव निवासी राजकुमार और शिवकुमार के अगल-बगल बने घरों में अचानक आग लग गई। घटना के समय शिवकुमार ट्रक लेकर बाहर गया था और पत्नी सुमन खेत में काम करने गई थी। घर में तीन बच्चे दीक्षा (7 माह), नाथिया (7वर्ष) और अर्पित (4 वर्ष) थे। लोगों के अनुसार, आग तेजी से फैली और घर में सो रही मासूम दीक्षा उसकी चपेट में आ गई। उसकी दर्दनाक मौत हो गई। वहीं, नाथिया और अर्पित ने घर के पीछे बने रास्ते से भागकर अपनी जान बचाई। आग की लपटों ने दोनों घरों में रखा पूरा सामान जलाकर राख कर दिया। शिवकुमार के घर में बंधा एक बकरा भी आग की चपेट में आकर मर गया। ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

# एडीएम ने किया बान तालाब का मुआयना

कार्यालय संवाददाता चित्रकूट

**अमृत विचार।** अपर जिलाधिकारी अरुण कुमार और नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी लालजी यादव ने गुरुवार को बान तालाब का निरीक्षण किया। इस दौरान लोगों ने तालाब की गंदगी की बात बताई।

एक स्थानीय युवा ने कहा कि तालाब में घरों के सीधे शौचालय लगे हुए हैं। चितरा गांव के आसपास की बस्ती का गंदा पानी भी इस तालाब में आता है। अपर जिलाधिकारी ने बताया कि जिलाधिकारी की इच्छा है कि चित्रकूट की जलधरोहरों को संरक्षित करें कि बरसात का जल इनमें एकत्र हो सके। उन्होंने अफसोस जताया कि तालाब में शौचालय लगा दिए गए लेकिन किसी ने आवाज नहीं उठाई। उन्होंने तत्काल तहसीलदार से बात की और तालाब के बारे में पूरी जानकारी देने के निर्देश दिए। ईओ को निर्देशित किया कि इस संबंध में पत्राचार करें। जल धरोहर अभियान के समाजसेवी अभिमन्यु भाई ने अधिकारियों को इस पहल के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने अधिकारियों को बताया कि बान तालाब चितरा गोकुलपुर, सीतापुर के लोगों के लिए बरसात के पानी का अद्भुत भंडारण स्थल था। अब यह तालाब बरसात के पानी से नहीं बल्कि सीवर नालों के पानी से भरा है। पानी गंदा और बदबूदार होने के कारण आसपास का वातावरण तो प्रदूषित है ही भूजल भी खराब हो रहा है।जलवायु परिवर्तन के प्रभाव से बचने के लिए जल भंडारण को सशक्त करना होगा। यह तभी संभव होगा जब जल धरोहर सुरक्षित होंगे।



अपर जिलाधिकारी अरुण कुमार को बान तालाब के बारे में बताते समाजसेवी अभिमन्यु भाई।

- **जल भंडारण व सफाई के लिए ग्रामीणों को किया आश्वस्त**


**अमृत विचार**

**क्लासीफाइड**

विज्ञापन हेतु अमृत विचार कार्यालय में सम्पर्क करें

**वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें**

**सूचना**

मेरा हाईस्कूल वर्ष 1991 अनुक्रमांक 1721445 का अंकपत्र और प्रमाणपत्र वास्तव में कहीं खो गया है। **राजकरन पुत्र राजाराम ग्राम चरनगहिया बेलहा–बलरामपुर।**

**सूचना**

मैंने अपने पुत्र रेहान के गलत आचरण एवं चाल चलन के चलते संबंध विच्छेद कर समस्त चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। उसके किसी भी कृत्य या लेनदेन से मेरा व मेरे परिवार का कोई वास्ता या सरोकार नहीं होगा वह स्वयं जिम्मेदार होगा। **मु. परवेश पुत्र हनीफ, निवासी – नगरिया तहसील– बिधूना, जिला –औरैया।**

**सूचना**

मैने अपना नाम ZAKIR ALI से बदलकर MOHD ZAKIR ALI रख लिया अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। **MOHD ZAKIR ALI S/O-NASIR ALI R/0-165/64KA, KACHCHA HATA AMINABAD, DIST-LUCKNOW-226018 (U.P)**

**सूचना**

मैं ABDUL LATIF पुत्र ABDUL AZIZ, निवासी – 312, ग्राम – मेवातीयान, गोण्डा, उ0प्र0 सबको सूचित करता हूँ कि मैंने अपना नाम बदलकर ABDUL LATIF SIDDIQUI रख लिया है, अत: आज से मुझे ABDUL LATIF SIDDIQUI के नाम से जाना पहचाना व लिखा जाये।

**सूचना**

सूचित हो कि मेरी पॉलिसी सं0– 215421673 में मेरा नाम शिवम श्रीवास्तव अंकित है जबकि मेरा सही नाम प्रखर श्रीवास्तव है जो कि मेरे सभी अभिलेखों में अंकित है। उपरोक्त दोनों नाम प्रखर श्रीवास्तव व शिवम श्रीवास्तव मेरे ही हैं। अत: मेरी उपरोक्त पॉलिसी में मेरा सही नाम प्रखर श्रीवास्तव अंकित किया जाये। **प्रखर श्रीवास्तव पुत्र तेग बहादुर श्रीवास्तव निवासी– कायस्थाना सतरिख तहसील नवाबगंज जिला बाराबंकी।**

**सूचना**

पहले मेरा नाम TRIPATHI ALOK GIRIJA SHANKER था अब मैंने बदलकर अपना नाम ALOK G TRIPATHI रख लिया है भविष्य में मुझे ALOK G TRIPATHI के नाम से जाना व पहचाना जाये। **S/O GIRIJASHANKAR DAYARAM TRIPATHI R/O KHERAWA JARUKHA SAYA, AMBEDKAR NAGAR.**

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं राजमणि त्रिपाठी पिता स्व0 जमुना प्रसाद त्रिपाठी निवासी श्री राम पंडित डीह, कूकनगर प्रिंट, गोंडा 271312. यह शपथ करता हूं कि मेरी जमीन ग्राम–बुक्कूनपुर, तहसील मनकापुर जिसकी गाटा संख्या 179 मि. एवं 180 मि. के मूल बैनामा के दस्तावेज बुक्कनपुर से मसकनवा के रास्ते में कहीं गिर गए है।


**हो रही राजनीति** | अखिलेश ने की परिजनों से बात वहीं चंद्रशेखर ने किया ट्वीट

# तूल पकड़ रहा गैंगरेप पीड़िता की आत्महत्या का मामला

कार्यालय संवाददाता चित्रकूट

**अमृत विचार।** पहाड़ी थाना क्षेत्र के एक गांव में गैंगरेप पीड़िता नाबालिग की आत्महत्या का मामला राजनीतिक रंग लेने लगा है। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने मृतका के परिवारीजनों से फोन पर बात कर हर संभव मदद का आश्वासन दिया। वहीं आजाद समाज पार्टी के अध्यक्ष और सांसद चंद्रशेखर आजाद ने भी एक्स पर ट्वीट कर सरकार को घेरा है।

थानातंर्गत गांव निवासी अनुसूचित जाति की एक नाबालिग बेटी ने 14 अप्रैल को फांसी लगाकर अपनी जान दे दी थी। परिजनों का आरोप है कि गांव के तीन किशोरों ने उसके साथ सामूहिक दुराचार किया था। थाना पुलिस ने मामले में समझौते के लिए दबाव बनाया और आरोपियों पर कार्रवाई नहीं की। आरोपियों द्वारा दी जा रही धमकी और ग्लानि से क्षुब्ध होकर उनकी बेटी ने आत्महत्या कर ली। इस संबंध में बीतेदिन पूर्व सीएम अखिलेश यादव ने ट्वीट कर प्रदेश सरकार पर निशाना साधा था। उन्होंने मृतका के परिजनों से मोबाइल पर बात की और हर संभव मदद का आश्वासन दिया। परिजनों ने उनको बताया कि कार्रवाई तो हुई है पर आरोपी पकड़े नहीं गए। अखिलेश ने इनको किसी भी मदद के लिए पत्र भेजने को कहा। उधर, नगीना सांसद चंद्रशेखर आजाद ने भी एक्स पर ट्वीट कर प्रदेश सरकार की कानून व्यवस्था पर कटाक्ष किए। उन्होंने लिखा, एक बहुजन नाबालिग बच्ची ने ही नहीं बल्कि बहुजन समाज की न्याय की उम्मीद ने भी आत्महत्या कर ली...। यूपी सरकार से हमारी मांग है कि इस पूरे प्रकरण की निष्पक्ष, उच्चस्तरीय और समयबद्ध जांच कराई जाए तथा किसी भी प्रकार के दबाव या प्रभाव से मुक्त होकर सच्चाई सामने लाई जाए।

### भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष ने कहा, पुलिस भी जिम्मेदार है

भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष चंद्रप्रकाश खरे ने इस संबंध में फेसबुक पर पोस्ट कर कहा कि अगर यह घटना सही है कि गैंगरेप हुआ और उसकी रिपोर्ट दर्ज नहीं की गई या कोई और कारण है तो उसे सामने आना चाहिए...। इस आत्महत्या की जिम्मेदारी जिन्होंने दुष्कर्म किया है उनके ऊपर तो है ही इसके अलावा इस घटना की जिम्मेदार पुलिस भी है...। जैसा कि पीड़ित परिवार का कहना है कि उन्हें (आरोपियों को) पकड़कर छोड़ा गया है। ऐसे में समझौते की बात कानूनन नहीं होनी चाहिए।

### गैंगरेप के दो बाल अपचारी गिरफ्तार

**पहाड़ी (चित्रकूट)।** थानाध्यक्ष प्रवीण कुमार सिंह ने सामूहिक दुष्कर्म के दो बाल अपचारी आरोपियों को गिरफ्तार किया। आरोपियों को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में एसआई राजेश कुमार और आरक्षी बहोरन शामिल रहे।



आदित्य की मां रचना यादव को सम्मानित करते लोग। अमृत विचार

# शिक्षक दंपती के बेटे के 10वीं में 97 फीसद अंक

कार्यालय संवाददाता चित्रकूट

**अमृत विचार।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की हाईस्कूल परीक्षा में संत थामस हायर सेकेंडरी स्कूल के होनहार छात्र आदित्य यादव ने 97 फीसदी अंक प्राप्त कर विद्यालय में पहला तथा जिले में दूसरा स्थान हासिल किया है।

विकास पथ सेवा संस्थान ने आदित्य की मां रचना यादव, जो पीएमश्री विद्यालय कछारपुरवा की प्रधानाध्यापिका हैं, का अभिनंदन किया और बधाई दी। आदित्य के पिता शंकर यादव पत्रकार होने के साथ नगर पालिका परिषद चित्रकूट धाम कर्वी के सभासद भी हैं और चित्रकूट इंटर कालेज में व्यावसायिक विषय के प्रवक्ता हैं। दूरभाष पर हुई बातचीत में आदित्य ने बताया कि माता-पिता के शिक्षक होने का काफी लाभ मिला और मैथ के टीचर जेडी सर के पढ़ाने का भी लाभ मिला।

